# सांध्य ज्योति दर्पण

www.dainiksandhyajyotidarpan.com

वर्ष 36 | अंक 25 | भरतपुर , मंगलवार 29 अप्रेल 2025 | जयपुर, अलवर, नागौर व भरतपुर से एक साथ प्रकाशित | पृष्ठ 8 मूल्य 1 रू.





आमजन को पेयजल, विद्युत....
पेज-3

रविवार के दिन जरूर करें....
पेज-7





E-mail btpsjd@gmial.com, sjdbtp@yahoo.co.in


## कृषि भूमि पर विकसित अवैध कालोनियों में हटाये अतिक्रमण

भरतपुर 29 अप्रैल। भरतपुर विकास प्राधिकरण के क्षेत्र में कृषि भूमि पर अवैध आवासीय कॉलोनी विकसित की जा रही है। उनको रोकने हेतु भरतपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आमजन की जागरूकता के लिए पूर्व में भी अपील और आग्रह किया गया था।

भरतपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त प्रतीक जुईकर ने बताया कि भूराजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90क के अंतर्गत रूपान्तरित कॉलोनियों में ही प्लॉट अथवा भूखण्ड खरीदें तथा अवैध प्लाटिंगकर्ताओं, काश्तकारों अथवा खातेदारों को भी पूर्व में आगाह किया गया था। कृषि भूमि का नियमानुसार संपरिवर्तन करवाया जाकर ही कॉलोनी विकसित की जायें अन्यथा भरतपुर विकास प्राधिकरण 2024 की धारा 17, 31, 32, 33 व 35 तथा भूराजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90क, काश्तकारी अधिनियम की धारा 177 के अनुसार अवैध प्लाटिंग से नियमानुसार बेदखली कर एक्ट के तहत राजकीय भूमि घोषित कर दी जायेगी। उन्होंने बताया कि 28 अप्रैल सोमवार को बीडीए की टीम द्वारा प्राधिकरण क्षेत्र के ग्राम नौंह, नगला गोपाल में कृषि भूमि पर विकसित अवैध आवासीय कालोनियों में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान उपखण्ड अधिकारी भरतपुर तथा थाना कोतवाली और पुलिस लाइन से पुलिस जाप्ता मौजूद रहा।

## जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

भरतपुर 29 अप्रैल। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें विभागवार बजट घोषणाओं एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सरकार की बजट घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुये समयबद्ध रूप से टैण्डर प्रक्रिया पूरी कर धरातल पर निर्माण कार्यों को पूरा करायें। उन्होंने कहा कि कार्यालयों के क्रमोन्यन से संबंधित बजट घोषणाओं में स्टाफ की नियुक्ति पर आमजन को सुविधायें उपलब्ध करायें। उन्होंने सडक, फ्लाईओवर निर्माण एवं नवीन भवनों के निर्माण से संबंधित बजट घोषणाओं में कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करायें। उन्होंने कहा कि बालिका सैनिक स्कूल, स्पोर्टस कॉलेज, राजकीय महाविद्यालयों में नवीन विषय शुरू करने जैसी बजट घोषणाओं में स्टाफ की नियुक्ति के साथ नवीन सत्र में कक्षायें शुरू करने की तैयारी अभी से शुरू करें। उन्होंने कहा कि अनाज एवं फ्ल मण्डी स्थानान्तरित करने के लिए चिन्हित भूमि पर उच्च अधिकारियों से सम्पर्क में रहकर शीघ्र कार्यवाही करने, नदबई व भरतपुर में ड्रेनेज कार्य, सीवरेज गैप दूर करने के लिए डीपीआर का कार्य शीघ्रता से पूरा करायें। उन्होंने हीरादास से काली बगीची एवं शीशम तिराहे से काली बगीची सडक के चौडाईकरण कार्य को टैण्डर प्रक्रिया आदि कराते हुए शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने लू-ताप घात एवं गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल, विद्युत आपूर्ति संबन्धित समस्याओं को समय पर निस्तारित कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा संस्थानों पर इलाज के लिए व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करते हुए छाया-पानी एवं दवाओं की उपलब्धता के निर्देश दिये। उन्होंने जिले में चल रहे विकास कार्यों और फ्लैगशिप योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि सभी विभागों के अधिकारी मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूरा करायें। इस दौरान निदेशक घना मानस सिंह, आयुक्त बीडीए प्रतीक जुईकर, एडीएम प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, सचिव बीडीए नीलिमा तक्षक सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## विभिन्न कानूनों पर विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर सम्पन्न

भरतपुर 29 अप्रेल। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान की अनुपालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के निर्देशानुसार आर्य समाज रोड स्थित एक निजी विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल मृगराज मनहर की ओर से उपस्थित छात्र-छात्राओं को घरेलू हिंसा, गर्भपात, पोक्सो अधिनियम, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की स्कीम बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना, 2024 योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर में असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल भविष्य फौजदार ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होने बताया कि साइबर अपराध ऐसी क्रिमीनल गतिविधि है जिसमें कम्पयूटर, नेटवर्क डिवाईस या नेटवर्क के जरिए ठगी की जाती है। साथ ही डेटा हैकिंग, फिशिंग मेल, ओटीपी फ्रॉड, मोबाईल फ्रॉड एवं सेक्सटॉर्शन के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई एवं इससे बचाव व सतर्कता के बारे में उपस्थित विद्यार्थियों को उपाय बताए गए।

## सात सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

भरतपुर 29 अप्रेल। बृज विश्वविद्यालय छात्र संघर्ष समिति की ओर से विश्वविधालय इकाई अध्यक्ष बेताब चौधरी के नेतृत्व में विश्वविधालय के कुलसचिव के नाम जरिए सहायक कुलसचिव परीक्षा नियंत्रक डॉ फरवट सिंह को विश्वविधालय के शैक्षणिक परिसरं में सात सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया और आगामी 3 दिवस में विश्वविधालय के शैक्षणिक परिसर में मूलभूत सुविधाओं एवं आवश्यकताओं की ओर गंभीर एवं संवेदनशील रूप से ध्यानआकर्षित कर उक्त समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किए जाने की मांग की गई और चेतावनी भी दी गई यदि उक्त समस्याओं का जल्दी ही समाधान नहीं किया तो छात्र हितों में आंदोलन किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी विश्वविधालय प्रशासन की होगी। ज्ञापन में बेताब चौधरी ने सहायक कुलसचिव को बताया कि विश्वविधालय के शैक्षणिक परिसर में अध्ययनरत



समस्याओं को लेकर कुलसचिव परीक्षा नियंत्रक को ज्ञापन सौंपते छात्र।

विद्यार्थियों के लिए मूलभूत सुविधाओं और आवश्यकताओं की अनदेखी विगत कई शैक्षणिक सत्रों से की जा रही हैं। जिसके कारण विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं। कई बार मौखिक रूप से विश्वविधालय प्रशासन को इन समस्याओं के विषय में अवगत कराया जा चुका हैं लेकिन कोई सकारात्मक प्रयास नहीं किए गए और न ही ध्यान दिया जा रहा हैं।

विद्यार्थियों ने अध्ययन के लिए फीस दी जा रही हैं लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन मूलभूत सुविधाओं को भी प्रदान नहीं करवा रहा हैं। विश्वविधालय प्रशासन ।ब् कमरों में बैठता हैं और विद्यार्थियों और शिक्षकों को इस भीषण गर्मी का सामना करना पड़ता हैं और बिजली भी निरन्तर नहीं आती हैं। ऐसे में विद्यार्थियों के जीवन और हित को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित सात सूत्रीय मांगों के संदर्भ में विद्यार्थी हित में सकारात्मक प्रयास कर स्थाई समाधान करने के सकारात्मक प्रयास किए जाने की कार्यवाही की जाए। ज्ञापन देने वालों में मोहित चौधरी, गजेन्द्र गुर्जर, अर्पित जैन, सुमित, अंकित, तेजप्रकाश, विश्वजीत, ऋतिक, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

### दो दिवसीय परशुराम जयंती महोत्सव कार्यक्रम आज से

भरतपुर 29 अप्रेल। श्री ब्राह्मण सभा की ओर से बुधवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर श्री ब्राह्मण धर्मशाला खिरनी घाट पर सुबह 10 बजे भगवान परशुराम जी का अभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। श्री ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर लोकेश शर्मा एवं महामंत्री इंजीनियर जीवनलाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की भगवान परशुराम के प्राकृ टय दिवस अक्षय तृतीया पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मंगलवार को शाम 5.30 बजे श्री ब्राह्मण सभा महिला प्रकोष्ठ की ओर से धर्मशाला स्थित हनुमान मंदिर पर भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा तथा श्री ब्राह्मण सभा की ओर से बुधवार को सुबह 10 बजे विष्णु भगवान के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का महाअभिषेक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**प्रसादी का वितरण आजः** राज बहादुर मेमोरियम अस्पताल में मंगलवार को सुबह 10 बजे भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जी का पूजन एवं प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

## चैम्पियनशिप में अनिराज ने रजत और उत्कर्ष ने जीते कांस्य पदक

भरतपुर 29 अप्रेल। नई दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित 6 8 वीं स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया नेशनल विद्यालयी अण्डर 14 बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में भरतपुर जिले के अनिराज चौधरी ने 38 कि.ग्रा. भार वर्ग में रजत पदक एवं उत्कर्ष शर्मा ने 42 कि.ग्रा. भार वर्ग में कांस्य पदक जीते इनके अलावा भरतपुर के यश कुमार चार फाईट जीतकर र्चाटर फाइनल तक पहुँचकर चौथे स्थान पर रहे, इसमें राजस्थान बॉक्सिंग टीम अंकों के आधार पर तीसरे स्थान पर रही। ये खिलाड़ी केके बॉक्सिंग एकेडमी के नियमित प्रशिक्षु हैं।



पदक विजेता खिलाडी।

खिलाड़ियों एवं इनके प्रशिक्षक एन.आई.एस. बॉक्सिंग कोच कृष्ण कुमार शर्मा को भरतपुर जिला बॉक्सिंग संघ चेयरमैन डॉ. राकेश चाहर, भरतपुर जिला बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष भगत सिंह सूरौता, भरतपुर जिला बॉक्सिंग संघ सचिव डॉ. संदीप देशवाल, राजस्थान पुलिस की बॉक्सिंग कोच सहायक उपनिरीक्षक मनीषा चाहर, न्यायालयी कर्मचारी संघ अध्यक्ष नरेन्द्र डागुर, एन.आई.एस. बॉक्सिंग कोच अजय फौजदार के अलावा गोपेश शर्मा, विक्रम देशवाल ऐंचेरा, तेजेन्द्र कुन्तल अभौरां, नीरज शर्मा धनसौटी, टिन्कू बांसी, हरेन्द्र चौधरी बांसी, दिनेश सोगर, तोनपाल शाहपुर, गोविन्द चाहर धौर, मनोज कुमार ने शुभकामनाऐं दीं।

### महाविद्यालय परिसर में बांधे परिण्डे

भरतपुर 29 अप्रेल। श्री अग्रसेन महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस की संयुक्त इकाईयों के तत्वाधान में स्वयंसेविकाओं की ओर से भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए महाविद्यालय परिसर में प्रत्येक स्वयंसेविका की ओर से एक परिंडा पक्षीयों के लिए बांधे गए जिससे भीषण गर्मी के प्रकोप में पक्षी अपनी प्यास को बुझा सके। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गंभीर सिंह ने स्वयंसेविकाओं को बताया कि हमें स्वयंसेवक के रूप में पशु-पक्षियों पक्षीयों का इस गर्मी में ध्यान रखते हुए महाविद्यालय परिसर एवं अपने घर पर भी पक्षियों के लिए एक परिंडा अवश्य लगाए जो सबसे बडे पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर डॉ. सतीश कुमार, डॉ सीमा जादौन, लोकेन्द्र सिंह, शोभा शर्मा, गणेश मिश्रा उपस्थित रहे।



कार्यकर्ताओं को झण्डी दिखाकर रवाना करते जिलाध्यक्ष

## रैली में शामिल होने को भरतपुर से रवाना हुए कार्यकर्ता

भरतपुर 29 अप्रेल। जयपुर में होने वाली संविधान बचाओ रैली में भरतपुर जिले से जाने वाले कार्यकर्ताओं को जिले की सीमा कमालपुरा बॉर्डर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि सोमवार को कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए विशाल राज्य स्तरीय रैली का आयोजन किया गया जिसमें साहब सिंह एडवोकेट, धर्मेन्द्र शर्मा, दयाचंद पचौरी, दीनदय ाल जाटव, सुगड सिंह, रविन्द्र परमार, चन्द्रकेश राजावत, फज्जर खान, निरंजन, बहादुर सिंह, देवेन्द्र पहाडिया, ओमप्रकाश गुप्ता, लाखन हिंगोली, हरस्वरूप सरपंच, अशोक तांबी, रमेश पाठक, गंगाराम पाराशर, दिगम्बर खटाना, भरत गादोली, शहीद खान, प्रेम प्रजापत, चन्द्रकांत शर्मा, वीकेश फौजदार आदि मौजूद रहे।

### मंदिर में पिलाया शरबत

भरतपुर 29 अप्रेल। अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की महिला इकाई के द्वारा अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष अनिल लोहिया एवं महिला अध्यक्ष सीमा मंगल की अध्यक्षता में बिहारी जी मंदिर पर ठंडा पेय शरबत वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## विद्यालय में प्रधानाचार्य बैठक सम्पन्न

भरतपुर 29 अप्रेल। आदर्श विद्या मन्दिर बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाहर नगर में आदर्श विद्या मन्दिर समिति की आरे से संचालित आदर्श विद्या मन्दिरों के प्रधानाचार्यों की बैठक का आयोजन किया गया। इसमें 26 प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। बैठक में विद्या भारती राजस्थान के संगठन मंत्री गोविन्द कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिशु वाटिका के महत्व पर मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। विद्या भारती संस्थान जयपुर के प्रान्त निरीक्षक अरुण कुमार दुबेख, आदर्श विद्या मन्दिर समिति भरतपुर के अध्यक्ष डॉ योगेन्द्र भानु, व्यवस्थापक मल्ल सिंह, कोषाध्यक्ष अमित कुमार अग्रवाल, जिला सचिव सन्तोष कुमार कटारा, हेमराज गोयल, चैतन्य प्रकाश अग्रवाल, सचिव कृष्ण कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

## पहलगांव में मारे गए पर्यटकों को दी श्रृद्धांजलि

भरतपुर 29 अप्रेल। हरित बृज सोसायटी कोर ग्रुप की बैठक डॉ. संगीता चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में पहलगांव में आतंकियों की ओर से निहत्थे पर्यटकों को मारे जाने पर भारी रोष व्यक्त किया गया एवं दो मिनट का मौन रख कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गई। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा ने आतंकी घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि यह मानवता के लिए बहुत बड़ा कलंक है। इस अवसर पर महासचिव सतेंद्र यादव ने मृतकों को श्रद्धांजलि स्वरूप अनाह गेट मोक्षधाम में सोसायटी की तरफ से 27 पौधे लगाने का संकल्प लिया। शीलम सिंह ने गर्मी के मौसम को देखते हुए पशुओं के लिए पीने के पानी की टंकिया व पक्षियों के लिए पानी के परिंदे रखवाने का विचार रखा। बैठक में राजेश दीक्षित, अवनीश शर्मा, धीरेन्द्र सिंह, अरुण जैन, जगदीश शर्मा, संजू शर्मा उपस्थित रहे।

सामाजिक कार्यकर्ता तूफान सिंह तोषावड़ा की ओर से संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय यूएनओसीटी को पत्र के माध्यम से पहलगाम आतंकवादी घटना की शिकायत की गई। जिसमें आतंकवादी घटना को वैश्वीक शांति व्यवस्था, सामाजिक स्थिरता एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों अधिकारों के लिए एक गंभीर चुनौती बताया। धर्म पूछ कर निर्दोष लोगों को निशाना बनाए जाने को मानवता के मूल मूल्यों पर प्रहार बताया। पाकिस्तान के रेल मंत्री के परमाणु हथियारों की धमकी वाले बयान एवं लंदन में पाकिस्तान उच्च आयोग के अधिकारी की ओर से भारतीय प्रदर्शनकारियों को गला काटने की धमकी देने का जिक्र करते हुए पाकिस्तान को आतंकवाद का पनाहगार बताते हुए शख्त करवाई कि मांग करी। पाकिस्तान की ओर से इंसानों को जानवरों के व्यवहार का प्रशिक्षण देकर हिंसक पशु बनाया जा रहा है जो निर्दोष लोगों को अपना निशाना बना रहे हैं। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता की ओर से सभी देशवासियों राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता एवं सामाजिक संगठनों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को मजबूत करने के लिए यूएनओसीटी में आतंकवाद के खिलाफ पत्र या ईमेल से शिकायत करने की अपील की गई।

## द बोल्ड एंड द ब्यूटीफुल का पोस्टर लॉन्च

**जयपुर।** फोर्ट मालवीय नगर जयपुर में आयोजित होने वाले बहुप्रतीक्षित इवेंट द बोल्ड एंड द ब्यूटीफुल, वॉल्ट्ज कॉन्सेप्ट एंड इवेंट्स के बैनर तले, डायरेक्टर विजय एंड्रयूज और नीलम सक्सेना द्वारा आयोजित किया जा रहा है,

जिसकी शुरुआत आज जेकेजे ज्वेलर्स, विद्याधर नगर, जयपुर में एक भव्य पोस्टर लॉन्च के साथ हुई।इस पोस्टर लॉन्च की शोभा बढ़ाई श्री अनिल मोसुन (जेकेजे ज्वेलर्स) ने, जिनके साथ हँसा राठौड़ ( श्रीपा डिज़ाइनर) डॉ पूज़ा रुंगटा विभिन्न लेडीज क्लब डायरेक्टर्स, भाग लेने वाली मॉडल्स और सपोर्टिंग टीम भी उपस्थित रही।

# 2047 तक युवाओं के सपनों का राष्ट्र बनाएंगे: माथुर



**जयपुर।** सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने रविवार को अलवर जिले के स्वामी विवेकानन्द स्मारक पर स्वामी विवेकानन्द ई-गुरूकुल का लोकार्पण एवं 2 ज्ञान वाहन (मोबाइल ई-लाइब्रेरी) का हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर माथुर ने कहा कि सरकार आतंकवाद के विरूद्ध कठोर कदम उठा रही है, जिसमें दुनिया के अधिकतम देश हमारे साथ खड़े हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत सशक्त राष्ट्र के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ रहा है। प्रधानमंत्री का सपना है कि वर्ष 2047 तक देश को पूरी तरह से विकसित बनाकर युवा पीढी के सपनों के राष्ट्र का निर्माण करना है। केंद्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री के सपने को साकार करने हेतु युवा ऊर्जावान पीढ़ी को विज्ञान, तकनीकी से लेकर खेल तक के सभी क्षेत्रों में तैयार करना है। खेल व शिक्षा दो ऐसे विषय हैं जो जाति, लिंग के भेद को समाप्त कर राष्ट्रवाद को खड़ा करते हैं। यादव ने कहा कि अलवर संतो की तपोस्थली है तथा पूर्व सांसद व संत महन्त चांदनाथ ने शिक्षा को आगे बढ़ाने के विचारों को ये ई-लाइब्रेरियां समर्पित हैं। वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि माथुर लम्बे समय से अलवर जिले से जुडे हुए हैं। इन्होंने राज्यसभा सांसद रहते हुए अलवर के विकास में अभूतपूर्व योगदान दिया है।

कार्यक्रम में तिजारा विधायक महंत बालकनाथ, कठूमर विधायक रमेश खींची, रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह, बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत, जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# गुर्जर समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 30 अप्रेल को, परिणय सूत्र में बंधेंगे 51 जोड़े



**कोटा।** श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट गणेश नगर कोटा के तत्वाधान में वीर गुर्जर सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन आगामी 30 अप्रेल को श्री देवनारायण भगवान बड़ा मंदिर गणेश नगर में आयोजित किया जाएगा। वीर गुर्जर सामुहिक विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष शिवराज गुंजल ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि सम्मेलन में 51 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। उन्होंने बताया कि यह सम्मेलन चौथी बार आयोजित होने जा रहा है। जिसमें समाजबंधुओं बढ़चढ़कर अपना योगदान दे रहे हैं।

इस मौके पर समाज के प्रबुद्धजन अतिथि के रूप में भाग लेंगे। सामूहिक सम्मेलन में शामिल जोड़ों से वर पक्ष से 35 हजार व वधु पक्ष से 25 हजार रूपये सहयोग राशि ली गई है। सुबह 11 बजे से ही लोगों का आना शुरू हो जाएगा। दोपहर 2 बजे फेरे होंगे। उसके बाद लगभग 4 बजे विदाई समारोह होगा। इस अवसर पर सम्मेलन में सहयोग देने वाले भामाशाहों एवं अतिथियों का भी भव्य स्वागत समिति द्वारा किया जाएगा।

अध्यक्ष शिवराज गुंजल ने बताया कि सम्मेलन के माध्यम से निर्धन परिवारों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने ही इसका मुख्य उद्देश्य है। सामूहिक विवाह सम्मेलन को भव्य बनाने के लिए पूरे कार्यक्रम स्थल को सजाया जाएगा।

जिसमें टेंट आदि को भव्य रूप से सजाया जाएगा। इसमें 200 गुणा 250 क्षेत्रफल का पांडाल भोजनशाला व स्टेज आदि बनाए जाएंगे। साथ ही वर-वधु के फेरों के लिए 60 गुणा 200 क्षेत्रफल का पांडाल बनाया जा रहा है।

इसके साथ ही वधु पक्ष के लिए अलग-अलग 102 टेंट के कमरे भी बनाए जाएंगे।

वरमाला का आयोजन किया जाएगा सम्मेलन में वरमाला का विशेष और भव्य आयोजन रहेगा जिसमें वरमाला स्टेज बनाई जाएगी। जिसमें वर वधु एक दूसरे को परिवारजनों की उपस्थिति में वरमाला पहनाएंगे।

# सरकार का लक्ष्य विकसित राजस्थान

## इसी पर हो रहा है काम-सीएम

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने के लिए राज्य सरकार पानी, ऊर्जा, रोजगार और औद्योगिक क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते हुए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस संकल्प को साकार करने में 8 करोड़ प्रदेशवासियों की भागीदारी के साथ ही प्रवासी राजस्थानी भाई-बहनों की भी अहम भूमिका होगी। वे शनिवार को मुंबई में आयोजित कर्मभूमि से मातृभूमि कार्यक्रम में प्रवासी राजस्थानी समुदाय को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुझे अपनी देश-विदेश की विभिन्न यात्राओं के दौरान यह देखकर अत्यधिक प्रसन्नता हुई कि हमारे प्रवासी राजस्थानी अपनी कर्मभूमि के विकास में योगदान देने के साथ ही अपनी माटी से जुड़ाव रखते हुए राजस्थान को संवारने और समृद्ध बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों ने एक ऐसी ही पहल जल संचय के क्षेत्र में की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान में हमें भामाशाहों और प्रवासी भाई-बहनों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इसके तहत राज्य में लगभग 45 हजार जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। यह अभियान वर्षा जल की एक.एक बूंद को सहेजकर न केवल जल उपलब्धता बढ़ाएगा बल्कि भूजल स्तर को बढ़ाने में भी मददगार बनेगा।




### राज्य सरकार ने उठाए कई कदम

**मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राजस्थान में पानी की पर्याप्त उपलब्धता के लिए कई कदम उठाए हैं। वर्षों से लंबित ईआरसीपी (राम जल सेतु लिंक परियोजना) से जुड़ा समझौता कर हमने इसके कार्य भी प्रारंभ कर दिए हैं। इसके साथ ही शेखावाटी के लिए महत्वपूर्ण यमुना जल समझौते को आगे बढ़ाकर हमने हरियाणा के साथ मिलकर टास्क फोर्स गठित कर दी है। उन्होंने कहा कि हथिनीकुंड बैराज से आवंटित यमुना जल से चूरू, झुंझुनूं और सीकर जिलों में पेयजल पहुंचाने के लिए डीपीआर बनाने का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। इसके अतिरिक्त माही बेसिन में जल प्रबंधन के कई काम हाथ में लिए गए हैं। देवास जैसे प्रोजेक्ट्स भी धरातल पर उतर रहे हैं। साथ ही नर्मदा के पानी से जालोर, सिरोही और बाड़मेर को और अधिक लाभ मिलें। इसके लिए भी हम काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के साथ ही राज्य सरकार द्वारा जल संग्रहण के लिए मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0 के माध्यम से 20 हजार गांवों में 5 लाख वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन सभी प्रयासों के फलीभूत होने के बाद प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध होगा।**

### ऊर्जा, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में हुए उल्लेखनीय कार्य

**शर्मा ने कहा कि प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमने केन्द्रीय उपक्रमों के साथ 2 लाख 24 हजार करोड़ रूपए के एमओयू किए हैं। राजस्थान के औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए पिछले साल दिसंबर में आयोजित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में भी सर्वाधिक निवेश प्रस्ताव ऊर्जा क्षेत्र में ही प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि इस समिट में लगभग 35 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जिनमें से 3 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों की ग्राउंड ब्रेकिंग कुछ ही महीनों में हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए हमने एक वर्ष में एक लाख नियुक्तियां देने का लक्ष्य तय किया है जिनमें से 69 हजार नौकरियां हम दे चुके हैं। शेष आगामी कुछ महीनों में ही दे दी जाएंगी।**

# परिंडे लगाओ-परिंदे बचाओ अभियान शुरू



**कोटा।** लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला की प्रेरणा से रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन कोटा ने आज से 'परिंडे लगाओ-परिंदे बचाओ' अभियान शुरू कर दिया है। इस अभियान का उद्देश्य जीव-जंतुओं के प्रति करुणा और दया की भावना को बढ़ावा देना है, खासकर भीषण गर्मी के मौसम में। अभियान की शुरुआत हाड़ौती उद्यान के पास पार्क में लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने परिंडा बांधकर उसमें पानी भरकर की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए सभी नागरिकों को अपने-अपने घरों के आसपास पेड़ों पर परिंडे बांधकर नियमित रूप से जल भरने की व्यवस्था करनी चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज मेहता रहे। रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जीव-जंतुओं के प्रति करुणा और दया की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि हमें अपने आसपास के वातावरण में जीव-जंतुओं के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। कार्यक्रम के प्रायोजक सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय के लेखाधिकारी देवेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि हमें अपने समाज में जीव-जंतुओं के प्रति करुणा और दया की भावना को बढ़ावा देने के लिए काम करना चाहिए।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रेखा जैन, बीना जैन, सुलोचना जैन संगठन के महामंत्री आर.के. जैन मुख्य संरक्षक अजय सोरल, मुख्य सलाहकार परमानंद गोयल, उपाध्यक्ष बी.के. शर्मा, रवि गुप्ता, दिनेश विजय, लक्ष्मण सिंह, टीकम चंद जैन, रामस्वरूप अजमेरा डी.पी सिंह अनिल माथुर, रामजीलाल मीणा, सत्यनारायण गुर्जर, जतिन अरोड़ा आदि उपस्थित रहे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने-अपने घरों के आसपास पेड़ों पर परिंडे बांधकर नियमित रूप से जल भरने की व्यवस्था करें। इससे जीव-जंतुओं को गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी।

# 8 करोड़ लोगों को रोजगार दे रहा है पर्यटन सेक्टर: शेखावत

**जयपुर।** केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आईसीएआई के दुबई चैप्टर द्वारा ईयर ऑफ ग्रोथ 2025-26 विषय पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि पर्यटन और संस्कृति भारत के समावेशी और सतत विकास के प्रवेशद्वार बनते जा रहे हैं। पर्यटन न केवल अर्थव्यवस्था में लगभग 9 प्रतिशत का योगदान देता है, बल्कि 8 करोड़ लोगों को रोजगार भी प्रदान करता है। यह ग्रामीण उत्थान, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक संरक्षण का भी प्रमुख साधन है। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने गर्व जताया कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान देश ने हिमालय की चोटियों से लेकर अंडमान के समुद्र तटों तक और रामायण व बौद्ध ट्रेल्स से लेकर मेडिकल व एडवेंचर टूरिज्म तक अपने विविध पर्यटन प्रस्तावों को वैश्विक मंच पर प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि टूरिज्म सिर्फ ट्रैवल नहीं, यह ट्रांसफॉर्मेशन है, यह दुनिया को भारत से जोड़ने वाला सेतु है।

शेखावत ने कहा कि 2024 में भारत ने करीब 2 करोड़ विदेशी पर्यटकों का स्वागत किया जिससे 30 बिलियन डॉलर से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। स्वदेश दर्शन 2.0 और देखो अपना देश जैसे अभियानों ने घरेलू पर्यटन को एक नई ऊर्जा दी है। शेखावत ने संस्कृति को विकास का सॉफ्ट पावर बताते हुए कहा कि 21वीं सदी में भारत की परंपराएं जैसे योग, आयुर्वेद, शास्त्रीय नृत्य और वस्त्र, वैश्विक चेतना का हिस्सा बन चुकी हैं। उन्होंने बताया कि 2025 सांस्कृतिक कूटनीति के लिए एक निर्णायक वर्ष है जिसमें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और रामायण महोत्सव जैसे आयोजन भारत की सांस्कृतिक शक्ति को विश्व तक पहुंचा रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सरकार ईयर ऑफ ग्रोथ में सांस्कृतिक बुनियादी ढांचे पर विशेष ध्यान दे रही है। संग्रहालयों, डिजिटल आर्काइव्स, सांस्कृतिक केंद्रों और कलाकारों के कल्याण हेतु एक समृद्ध इको-सिस्टम पर निवेश किया जा रहा है।

### यूएई के अर्थव्यवस्था मंत्री से मिले शेखावत

शेखावत ने दुबई में यूनेस्को विश्व सांस्कृतिक नीतियों और सतत विकास सम्मेलन मोंडिएकल्ट 2025 में यूएई के अर्थव्यवस्था मंत्री अब्दुल्ला बिन तौक अल मारी से भेंट की। उन्होंने कहा कि हमारी बातचीत भारत-यूएई पर्यटन गलियारे के इर्द-गिर्द रणनीतिक संवाद को मजबूत करने पर केंद्रित थी। साथ ही दोनों देशों के बीच पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्रों में आपसी हित और सहयोग के विभिन्न अवसरों पर भी चर्चा हुई।

# सीएमएचओ ने किया निरीक्षण, गंदगी और अव्यवस्थाओं पर जताई नाराजगी

**चाकसू।** सीएमएचओ जयपुर द्वितीय हंसराज भदलिया ने चाकसू के राजकीय उपजिला अस्पताल समेत विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण किया साथ ही हीटवेव संबंधित तैयारियों का लिया जायजा लिया । वही चाकसू के उपजिला अस्पताल में वार्डो व शौचालयो में गंदगी , पर्याप्त मात्रा में कूलर व पंखों की कमी , कम स्टाफ आदि मिलने पर नाराजगी जताई, वार्ड में पुराना कूलर बदलने व उनमें पर्याप्त पानी की व्यवस्था के सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए । साथ ही सीएमएचओ ने मौसमी बीमारियों संबंधी पुख्ता व्यवस्थाओं की बात कही वही महिला वार्ड में एसी की व्यवस्था भी देखी उनकी समय -समय पर सर्विसेज के निर्देश दिए । सीएमएचओ भदलिया ने पत्रकारों को बताया कि चाकसू उपजिला अस्पताल में निरीक्षण की प्रमुख वजह हिटवेव की व्यवस्था के तहत किया गया अस्पताल के प्रभारी को वार्ड में खराब व पुराने कूलर बदलने क व पर्याप्त दवा रखने के निर्देश दिये गए ।

# चमत्कारेश्वर महादेव का दसवाँ पाटोत्सव मनाया

### लगाया खीर चूरमे का भोग

**श्रीमाधोपुर।** शहर के निकटवर्ती ग्राम मऊ में चुलेटो के मोहल्ले में स्थित श्री चमत्कारेश्वर महादेव मंदिर का दसवाँ पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। ग्रामवासी राहुल चूलेट ने बताया की पंडित सांवर मल शर्मा व महेश चूलेट के सानिध्य में भगवान शिव का अभिषेक किया गया। धार्मिक रीति-रिवाज, पूजा-पाठ एवं मंत्रोच्चार के साथ पाटोत्सव का आयोजन हुआ।राकेश शर्मा के नेतृत्व में कावड़िये संघ द्वारा चमत्कारेश्वर महादेव का दुग्धाभिषेक किया गया। नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी। नवीन ध्वजा फहराई गई। इस मौके पर मंदिर परिसर में विशेष सजावट की गई। गिरधारी शर्मा ने बताया कि दुग्ध अभिषेक के बाद खीर-चूरमा व बूंदी लड्डू का भोग लगाकर महा आरतीकी गई। साथ ही हनुमान मंदिर में भोग लगाकर जोत ली गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने भोलेनाथ के दर्शन किए। इस दौरान महिलाओं द्वारा भजन व मंगल-गीत गाए गए। पाटोत्सव में सभी समाज के लोग शामिल हुए। इस अवसर पर ओमप्रकाश पटवारी, सीताराम चूलेट, मोहन लाल, श्याम शरण पटवारी, रमेश जांगिड़, सत्यनारायण, विनोद कुमार, रतन चूलेट, गोकुल, योगेश कुमार, सुरेश, विक्की शर्मा, अक्षय शर्मा, राहुल, विवेक, विशाल, पंकज, विजय, नीरज, नितिन, हिमांशु शर्मा सहित समस्त मोहल्लेवासी मौजूद थे।

# पीएमश्री रा उ मा वि श्रीमाधोपुर में कम्प्यूटर विज्ञान की होगी पढ़ाई

**श्रीमाधोपुर।** आगामी शैक्षिक सत्र में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर में कम्प्यूटर विज्ञान विषय का संचालन ऐच्छिक विषय के रूप में शुरू होगा। इन विद्यालयों में कम्प्यूटर विज्ञान विषय शुरू होने से इनमें पढ़ने वाले बच्चों को राहत मिलने के साथ ही बच्चों को भविष्य के अनुरूप शिक्षित होने का अवसर मिलेगा। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में सरकार ने सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कम्प्यूटर विज्ञान विषय का संचालन शुरू करने की घोषणा की थी।



# आज का राशिफल

मंगलवार, 29 अप्रैल, 2025

- **मेष :** आज कुछ राहत मिलेगी। अनुभवी और प्रभावशाली लोगों का सानिध्य भी मिलेगा। जिससे आपकी विचारों में भी सकारात्मकता आएगी। कामों में सफलता मिलेगी। तनाव की वजह से निजी काम अधूरे रह सकते हैं।
- **वृष :** और मेहनत करने की जरूरत है। अपनी समस्याओं का समाधान पाने के लिए थोड़े स्वार्थी भी रहें। भावनाओं पर काबू रखें तथा प्रैक्टिकल बने इससे आप और अधिक सहजता से निर्णय ले पाएंगे।
- **मिथुन :** रोजमर्रा की व्यस्त दिनचर्या से राहत के लिए आज अपने पसंदीदा काम निपटाने पर ध्यान देंगे। इससे खुशी मिलेगी। बुजुर्गों के मार्गदर्शन से मुश्किल रास्ता आसान हो जाएगा। धैर्य से किए गए कामों का नतीजा भी अच्छा होगा। फायदा होगा पर धीमी गति से। आलस्य के कारण काम में रुकावट आ सकती है।
- **कर्क :** ग्रह गोचर अनुकूल है। किसी दोस्त या रिश्तेदार के साथ चल रही गलतफहमियां दूर होगी। आपसी संबंधों में सुधार होगा। युवाओं को करियर संबंधित मेहनत के मनचाहे नतीजे मिल सकते हैं। अत्यधिक कार्य का बोझ आपके लिए परेशानी का कारण भी बन सकता है।
- **सिंह :** सुकून भरी दिनचर्या रहेगी। युवा वर्ग कोई दुविधा दूर होने से राहत की सांस लेंगे तथा कोई बड़ा फैसला लेने की भी हिम्मत आएगी। यह समय उन्नति दायक है। मेहनत के मनोनुकूल परिणाम मिलेंगे।
- **कन्या :** वरिष्ठ लोगों का सानिध्य और मार्गदर्शन मिलेगा। लंबे समय से चल रही किसी चिंता व तनाव से राहत मिलेगी। कार्य को करने से पहले उसके सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर सोच-विचार कर ले, निश्चित ही सफलता मिलेगी।
- **तुला :** मित्रों तथा संबंधियों के साथ मुलाकात के अवसर बनेंगे। किसी पारिवारिक अविवाहित सदस्य के लिए अच्छा रिश्ता भी आ सकता है। कुछ समय से आप अपने जिस कार्य को लेकर अधिक मेहनत कर रहे थे।
- **वृश्चिक :** अचानक ही कोई रुका हुआ या उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलने से तनाव दूर होगा। अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव लाने के लिए आध्यात्मिक और धार्मिक कार्यों में भी आपकी रुचि रहेगी। अपने अंदर सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगे।
- **धनु :** आज ग्रह स्थिति कुछ अनुकूल रहेगी। पिछले कुछ समय से चल रहे तनाव से भी राहत मिलेगी। घर की सुख-सुविधाओं संबंधी जरूरतें पूरी करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा। युवा वर्ग भी अपने भविष्य को लेकर ज्यादा सक्रिय और गंभीर रहेंगे।
- **मकर :** मित्रों तथा संबंधियों के साथ मुलाकात के अवसर बनेंगे। किसी पारिवारिक अविवाहित सदस्य के लिए अच्छा रिश्ता भी आ सकता है। कुछ समय से आप अपने जिस कार्य को लेकर अधिक मेहनत कर रहे थे, आज उसके अच्छे परिणाम मिलने की संभावना है।
- **कुंभ :** वाहन अथवा जमीन-जायदाद के क्रय-विक्रय संबंधी योजना बनेगी। अगर कोई फाइनेंस संबंधी काम रुका हुआ है, तो उस पर जरूर ध्यान दें। घर में कोई धार्मिक आयोजन करवाने का भी प्रोग्राम बनेगा।
- **मीन :** ग्रह स्थिति आपके भाग्य को प्रबल कर रही है। आपको अपने कामों में उम्मीद से ज्यादा सफलता मिल सकती है। कहीं निवेश करने का प्लान है तो तुरंत फैसला लें। फायदा होगा।

# आमजन को पेयजल, विद्युत और चिकित्सा सेवाएं मिले निर्बाध : डीएम

## आवश्यक सेवाओं और बजट घोषणाओं की प्रगति की बैठक का हुआ आयोजन

**धौलपुर, 29 अप्रैल।** बिजली, पानी, मौसमी बीमारी सहित अन्य प्रमुख बिन्दुओं की समीक्षा बैठक का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता मे जिला कलक्ट्रेट के सभाकक्ष में हुआ।




बैठक में उन्होंने गर्मी के मौसम के मद्देनजर जिले वासियों को मौसमी बीमारियों और पेयजल की समस्या से प्रभावी रूप से निपटने के लिए सभी अधिकारी को सजगता और संवेदनशीलता के साथ अपने कार्यों को करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले में बजट घोषणाओं के तहत विभिन्न कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी टीम भावना से कार्य करते हुए जिले के ग्रामीण ने एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजल एवं विद्युत सालाई निर्वाध बनाये रखते हुए आमजन की समस्याओं को संवेदनशीलता से निराकरण करना सुनिश्चत करें। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए आवश्यक सेवाओं से जुडे विभाग नियंत्रण कक्ष स्थापित कर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण कर आमजन को राहत प्रदान करें। अधिकारी 24 घंटे में दर्ज शिकायतों का प्रतिदिन निरीक्षण कर आमजन से फीडबेक भी ले जिससे समस्या निराकरण की जानकारी मिल सके। उन्ननि विभाग के अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों में सभी आवासीय एरिया में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए आवश्यकता पड़ने पर टैंकरों से पानी की उपलब्धता कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अवैध कनेक्शनों के खिलाफ नियमित अभियान चालाये तथा नवीन कनेक्शनों को समय पर जारी करें। उन्होंने कहा कि पंचायत समितिवार हैण्डपम्प मिस्त्री की टीम बनाकर पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराये।

जल जीवन मिशन में कार्यों को गति देते हुए खोदी गई सड़कों की गुणवत्ता से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का समय पर निरीक्षण कर फीडबैक लेने के निर्देश दिए।

उन्होंने विद्युत निगम को जिले में सभी जलस्त्रोतों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाये रखकर नवीन ट्यूबवैलों पर समय पर कनेक्शन करने आम उपभात्काओं के जले ट्रांसफार्मर को समय पर बदलने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने से विद्युत सप्लाई में व्यवधान आने पर शीघ्र दुरूस्त कराई जाये। उन्होंने ढीले तारों को टीम बनाकर कर ठीक कराने घरेलू एवं कृषि कनेक्शनों के लिए आवश्यक सामग्री निधारित समय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने चिकित्सा विभाग को नियंत्रण कक्ष को 24 घंटे सक्रिय रखकर समस्याओं का निराकरण करने, प्रत्येक चिकित्सा संस्थानों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिधत करने के निर्देश दिये। उन्होंने हीटवेव से बचाव के लिए समय-समय पर एडवाइजरी जारी करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्साकर्मियों को आमजन से निरन्तर सम्पर्क बनाये रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सा संस्थानों में हीटवेव से बचाव की आवश्यक दवायें, ओआरएस घोल का पर्याप्त स्टॉक रखें तीमारदारों के लिए छाया, पानी तथा वार्डों में पंखे, कूलर, एसी को दुरुस्त रखें।

उन्होंने कहा कि अस्पतालों में सभी स्टॉफ संवेदनशीलता से कार्य कर समय की पालना सुसनिश्चित करें। उन्होंने सभी विभागों को बजट घोषणाओं को प्रगति की समीक्षा कर समयबद्ध धरातल पर साकार करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी सरकार को मंशा के अनुसार पेयजल, विद्युत आपूर्ति बनाये रखकर आमजन को निर्बाध आपूर्ति बनाये रखने, चिकित्सा सेवाओं को उपलब्धता करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उप निदेशक आईसीडीएस धीरेन्द्र सिंह सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जयपुर-मुम्बई एक्सप्रेस में यात्री का छूटा बैग कोटा में लौटाया

**कोटा, 29 अप्रैल।** मंडल में कार्यरत रेल कर्मी कई बार अपनी ड्यूटी निभाने के साथ जनसरोकार के जुड़े सराहनीय कार्य करते है। जिसकी आमजन द्वारा सराहना से सामाजिक कार्य के प्रति मनोबल



मिलता है। इसी कड़ी में रविवार गाड़ी संख्या 12956 जयपुर-मुम्बई सेन्ट्रल एक्सप्रेस में यात्रा कर 24 वर्षीय प्रतीक नाम का नवयुवक अपना काला कलर का बैग भूलवश कोच में छोड़कर सवाई माधोपुर स्टेशन उतर गया जिसकी सूचना उसने टिकट जाँच दल के चेकिंग स्टाफ को दी। चेकिग स्टाफ ने वाणिज्य कंट्रोल कोटा को सूचित करते हुए कोटा में कार्यरत टिकट संग्राहक मुनेश मीना के माध्यम से बैग को कस्टडी में लिया गया। बाद में जनशताब्दी एक्सप्रेस से कोटा आए यात्री को मुख्य टिकट निरीक्षक लक्ष्मीकान्त मीना की उपस्थिति में पुष्टि करते हुए सुरक्षित बैग को सुपुर्द किया गया। यात्री प्रतीक सुवालका ने बैग वापस पाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रेल प्रशासन एवं कर्मचारी का आभार प्रकट किया।

# होटल उद्योग को बड़ी राहत, टूरिज्म सेक्रेटरी का किया अभिनंदन

**उदयपुर, 29 अप्रैल।** राज्य सरकार द्वारा होटलो को फायर एनओसी नवीनीकरण में राहत प्रदान की गई। होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान के उदयपुर संभाग अध्यक्ष राकेश चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा होटल उद्योग के हित में टूरिज्म पॉलिसी 2024 में फायर एनओसी के नवीनीकरण (रिन्यूवल) की अवधि को 1 वर्ष से बढ़ाकर 3 वर्ष कर दिया गया था।



इस प्रावधान के क्रियान्वयन हेतु दिनांक 25/4/2025 को सरकार द्वारा विधिवत नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। फायर एनओसी रिन्यूवल प्रक्रिया को तीन वर्ष तक के लिए बढ़ाना होटल कारोबारियों के लिए न केवल सुविधा का विषय है, बल्कि इससे समय, संसाधन और ऊर्जा की भी बचत होगी। राज्य सरकार द्वारा टूरिज्म सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए उठाए जा रहे कदम निश्चित रूप से राजस्थान को पर्यटन के क्षेत्र में और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

टूरिज्म पॉलिसी को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने के लिए किए जा रहे प्रयासों के प्रति आभार व्यक्त करने हेतु होटल फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष हुसैन खान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान के टूरिज्म सेक्रेटरी रवि जैन का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर टूरिज्म सेक्टर से जुड़े अन्य विभिन्न मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

# पेयजल उपलब्धता की बेहतर व्यवस्था बनाएं, अव्यवस्था और कौताही बर्दाश्त नहीं- जिला कलक्टर

**उदयपुर, 29 अप्रेल।** भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए आमजन को पेयजल की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध करवाने हेतु जिला कलेक्टर नामित मेहता के नेतृत्व में प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। सोमवार को जिला जल एवं स्वच्छता मिशन बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलेक्टर मेहता ने स्पष्ट निर्देश दिए कि फील्ड में आजमन हेतु पेयजल की बेहतर व्यवस्थाएं बनाएं, पेयजल संबंधित मामलों में अव्यवस्था और कौताही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वित्तीय संसाधनों की कोई कमी नहीं है, आमजन पानी के लिए परेशान नहीं होने चाहिए क्योंकि पानी दिनचर्या का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

**बंद पड़े हैंडपंप शीघ्र हो दुरुस्त**- बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने पीएचईडी के कंटीन्जेंसीज कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के विभिन्न ब्लॉक में बंद पड़े हैंडपंपों की जानकारी लेते हुए तथा सर्वे करते हुए उनका चिन्हीकरण करें तथा हर हाल में मई के पहले सप्ताह तक बंद पड़े हैंडपंपों को दुरुस्त करवाएं। साथ ही जिन ब्लॉक में ट्यूबवेल की भी मरम्मत की आवश्यकता है वहां भी प्राथमिकता से कार्य हो। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए विभागीय अधिकारी संवेदनशीलता बरतें, आमजन को पेयजल से जुड़ी समस्याओं से राहत देने हेतु हर संभव प्रयास करें। सरकार पेयजल को लेकर गंभीर है ऐसे में जमीन स्तर पर अधिकारी संवेदनशीलता बरतें तथा राहत देने का हर संभव प्रयास करें।

# ऑपरेशन अमानत: यात्रियों की सुरक्षा में आरपीएफ का सराहनीय कदम

**कोटा, 29 अप्रैल।** भारतीय रेलवे में यात्रियों की सुरक्षा और उनके सामान की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए रेलवे सुरक्षा बल ने 'ऑपरेशन अमानत' अभियान का शुभारंभ किया है। यह अभियान खासतौर पर यात्रा के दौरान खोए हुए सामान की तलाश और उसे सही मालिक तक पहुँचाने के उद्देश्य से चलाया गया है। इसी कड़ी में रेल सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेल द्वारा इस अभियान के तहत वर्ष 2025, में 24 अप्रैल तक 276 यात्रियों के खोए हुए सामान किमत 49 लाख 07 हज़ार 294 रूपये बरामद कर वापस लौटाया गया हैं।

**मुख्य पहल- 1) समानों की सूचीबद्धता और प्रबंधन:** रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में खोए हुए सामान को सही तरीके से दर्ज किया जाता है। रेल सुरक्षा बल, पश्चिम मध्य रेल ने वर्ष 2025 में 24 अप्रैल तक लगभग 276 यात्रियों के खोए हुए सामान कीमत 49,07,294 रूपये बरामद किया है, जिनमें बैग, लैपटॉप, मोबाइल फोन, घड़ियाँ और अन्य मूल्यवान सामान उनके मालिकों तक पहुँचाया है।

**2) सुरक्षित वापसी:** खोए हुए सामान को उसके असली मालिक तक सुरक्षित रूप से पहुँचाने के लिए एक सुव्यवस्थित प्रणाली बनाई गई है। यात्रियों को उनकी खोई हुई वस्तु की जानकारी दी जाती है, और उन्हें सामान को प्राप्त करने के लिए स्टेशन पर बुलाया जाता है।

**3) जन जागरूकता:** यात्रियों को उनके सामान के खोने से बचने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

ऑपरेशन अमानत अभियान से आरपीएफ यह सुनिश्चित कर रहा है कि यात्रियों का खोया हुआ सामान सुरक्षित रूप से वापस उन्हें मिल सके और रेलवे यात्रा के अनुभव को और अधिक सुरक्षित और भरोसेमंद बनाया जा सके।

# दूरसंचार सलाहकार समिति की प्रथम बैठक

## 4जी सैचुरेशन प्रोजेक्ट से वंचित गांवों को मिलने लगा मोबाइल कनेक्टिविटी व हाईस्पीट इंटरनेट का लाभ, सांसद ने सौंपी नेटवर्क समस्या वाले गांवों की सूची

**उदयपुर, 29 अप्रेल।** भारत संचार निगम लिमिटेड उदयपुर द्वारा गठित दूरसंचार सलाहकार समिति कीर प्रथम बैठक सोमवार को प्रधान महाप्रबंधक कार्यालय हिरण मगरी स्थित संचार भवन सभागार में उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत, जालौर सांसद लूंबा राम चौधरी तथा राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया की उपस्थिति में हुई। उदयपुर दूरसंचार व्यवसाय क्षेत्र के प्रधान महाप्रबंधक हरि प्रसाद मीणा ने सभी का स्वागत करते हुए 4जी सैचुरेशन प्रोजेक्ट की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत जिन गांवों में अभी तक कोई भी नेटवर्क प्रदाता नहीं है वहां कुल 399 मोबाइल टावर लगाने का लक्ष्य था। इसमें से 281 मोबाइल 4 जी टावर लगा चुके हैं और चालू भी हो चुके हैं। शेष शीघ्र ही शुरू करने की कवायत चल रही। इस प्रोजेक्ट से सभी ग्रामीण इलाकों में मोबाइल कनेक्टिविटी और हाई स्पीड इंटरनेट का लाभ मिल सकेगा। श्री मीणा ने बताया कि पिछले फाइनेंशियल ईयर की अपेक्षा उदयपुर बिजनेस एरिया 8.43 प्रतिषत ईबीआईटीडीए ;ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की आयद्ध लाभ में रहा है। बिजनेस एरिया उत्तरोत्तर राजस्व अर्जन के क्षेत्र में प्रगति कर रहाहै।




**सांसदों ने नेटवर्क समस्या से कराया अवगत**- बैठक में उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत ने कुछ समस्याओं से अवगत कराया। इसमें उन्होंने बताया कि पंचायत समिति गिर्वा की ग्राम पंचायत पोपल्टी, पंचायत समिति वीरपुर का ग्राम अमरी तहसील गोगुंदा, पंचायत समिति छली का गांव बगदरा, रवादिया खुर्द, बगडुंडा के गांव अवाणी, मजाम पंचायत समिति गोगुंदा के साथ-साथ कुछ खेरवाड़ा लसाडिया और बड़गांव के गांवों में मोबाइल नेटवर्क संबंधी समस्याएं हैं। राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने सभी मोबाइल नेटवर्क प्रदाता कंपनी से बीएसएनएल की तुलनात्मक स्थिति का जायजा लिया और बेहतर संचार सेवा प्रदान करने के सुझाव दिए।जालौर सांसद लुंबा राम चौधरी ने अवगत कराया कि उनके संसदीय क्षेत्र में कुछ स्थानों पर टावर लग चुके हैं किंतु कनेक्टिविटी मुहैया नहीं कराई गई है। इन टावरों की वर्तमान स्थिति से अवगत करने के साथ ही विभिन्न ग्राम पंचायत में मोबाइल टावर लगवाने के संबंध में भी सूची उपलब्ध कराई। बैठक में दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य जयशंकर राव, बीएसएनएल की ओर से प्रधान महाप्रबंधक हरिप्रसाद मीणा, महेंद्र कुमार शर्मा, बांसवाड़ा के उपमहाप्रबंधक सुमित दोसी, एम बी पटेल, अशीष शाह, राजमल रेगर सहित सभी बीएसएनल अधिकारी उपस्थित थे।संचालन गिरिराज पालीवाल ने किया। आभार उपमहाप्रबंधक सुमित दोसी ने व्यक्त किया।

# एक मुश्त समाधान योजना की शुरू

**धौलपुर, 29 अप्रैल। अल्पसंख्यक मंत्रालय भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड द्वारा दिये गये ऋणों में बकाया किश्तों पर दण्डनीय ब्याज की छूट प्रदान किये जाने हेतु एक मुश्त समाधान योजना शुरू की गयी है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राखी शर्मा ने बताया कि योजना के अनुसार एक मुश्त बकाया ऋण राशि मय साधारण ब्याज जमा कराये जाने पर दण्डनीय ब्याज में शतप्रतिशत छूट का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्ति जिन्होंने अल्पसंख्यक विभाग से 31 मार्च 2024 तक ऋण प्राप्त किया है तथा समय पर किश्तों की अदायगी नहीं की गयी है। वह एक मुश्त बकाया ऋण राशि मय साधारण ब्याज के 1 मई 2025 से प्रारम्भ की गयी है जिसमें ऋणी दण्डनीय ब्याज की शत प्रतिशत छूट प्राप्त कर सकते हैं।**


Office of the Executive Engineer
Public Works Department Division Parbatsar

क्रमांक: अ.अ.प./2025-26/97 दिनांक: 17.04.2025
NIB Code: PWD2526A0170
UBN No.: 1. PWD2526WSOB00516, 2. PWD2526WSOB00517, 3. PWD2526WSOB00518

Notice Inviting Bid No. 01/2025-26

Bids for Road works are invited from interested bidder upto 6.00 PM on Wednesday 30 April 2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is Rs. 141.35 Lacs.

DIPR/C/5493/2025 Executive Engineer



स्वायत्त शासन विभाग
कार्यालय नगर पालिका, सीकरी, जिला-डीग (राज०)
Email – eonpsikri.lsg@rajasthan.gov.in Email - sikriulb.jaipur@gmail.com
पता :– मैन मार्केट पंचायत चौक, सीकरी (डीग) राज०

क्रमांकः– न.पा.सीकरी/निर्माण/2025/265 दिनांक :– 25.04.2025

निविदा सूचना – 03/2025–26

नगरपालिका सीकरी की ओर से वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु मान्यता प्राप्त उचित श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निविदा द्वारा कुल 03 कार्य की कुल अनुमानित लागत 10.73 लाख रूपये की निविदा आमंत्रित की जाती है। आंशिक अथवा पूर्णतः निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा स्वीकृत अधिकारी होगा। निविदा की विस्तृत जानकारी व शर्ते कार्यालय एवं विभाग की बेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in देखी/पढी जा सकती है। जिसके UBN NO. निम्नलिखित है।
UBN No. – DLB2526WSOB02909, DLB2526WSOB02910, DLB2526WSOB02911
Nib Code – DLB2526A0713
Publish Date – 25.04.2025
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका सीकरी (डीग)
राज.संवाद/सी/25/1400



कार्यालय नगर पालिका, सीकरी, जिला-डीग (राज०)

क्रमांकः– न.पा.सीकरी/2025/266 दिनांक :– 25.04.2025

ई-निविदा सूचना – 02/2025–26

नगरपालिका सीकरी के द्वारा निम्न कार्य के लिए वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु मान्यता प्राप्त उचित श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई–निविदा द्वारा कुल 03 कार्य की कुल अनुमानित लागत 21.77 लाख रूपये की ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। आंशिक अथवा पूर्णतः ई–निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा स्वीकृत अधिकारी होगा। ई–निविदा की विस्तृत जानकारी व शर्ते कार्यालय एवं विभाग की बेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in देखी/पढी जा सकती है। जिसके UBN NO. निम्नलिखित है।
Nib Code – DLB2526A0711 Publish Date :- 25.04.2025
UBN No. – DLB2526WSOB02905, DLB2526WSOB02906, DLB2526WSOB02907
अधिशाषी अधिकारी
राज.संवाद/सी/25/1399 नगरपालिका सीकरी (डीग)



Municipal Corporation Alwar (Raj.)

Sr.No./MCA/NIRMAN /2025/283-86 Dt. 25/04/2025

Nit No./05/2025-26 E-Procument Notice Inviting Bid

Bid for civil work of" Preparation of DPR for Sewerage network of Ward 39 & 61 "at Municipal Corporation Alwar invited for interested bidders up 07.05.2025 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal(http://sppp.raj.nic.in & www.eproc.rajasthan.gov.in) of the state. The approximate value of the procurement is 14.00 lac
UBN No. DLB2526WSOB02920
TENDER ID-2025_DLB_462371_1
Raj.Samwad/C/25/1442 Commissioner


# राजनगर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में नवनिर्मित कक्षाकक्षो का उद्घाटन

**कोटा, 29 अप्रैल।** राजनगर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, कोटा में 35 लाख रुपये की लागत से कोटा राउण्ड टेबल 281 द्वारा निर्मित नए भवन का





उद्घाटन भव्य समारोह में किया गया। इस अवसर पर कोटा सिटी की पुलिस अधीक्षक अमृता दुहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। जबकि राउंड टेबल इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष चैतन्य देव सिंह और क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुतोष संचेती विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

**विद्यालय में हुआ विकास कार्य**- टेबल चैयरमेन निमिष पराशर ने बताया कि निर्माण कार्य पिछले वर्ष 1 अक्टूबर, 2024 को प्रारंभ हुआ था और इसे 27 अप्रैल, 2025 को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत 6 नए कक्षा-कक्षों का निर्माण, लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय सुविधाओं का नवीनीकरण, बैडमिंटन और वॉलीबॉल खेल क्षेत्र का विकास, हरित वातावरण के लिए वृक्षारोपण के कार्य करवाएं गए है। इस विकास से विद्यालय के 200 विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक और खेल सुविधाएँ मिल सकेंगी।

**शिक्षा हमारे समाज की रीढ़**- समारोह में मुख्य अतिथि अमृता दुहान ने अपने संबोधन में कहा, शिक्षा हमारे समाज की रीढ़ है और सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। मुझे अत्यंत प्रसन्नता है कि कोटा राउण्ड टेबल 281 के प्रयासों से इस विद्यालय में ऐसी आधुनिक सुविधाएँ विकसित की गई हैं। ये निर्माण कार्य केवल भवन निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये हमारे विद्यार्थिओं के उज्जवल भविष्य की नींव हैं। उन्होंने आगे कहा, मुझे विश्वास है कि इन सुविधाओं से विद्यार्थिओं के समग्र विकास में मदद मिलेगी और वे न केवल अकादमिक रूप से बल्कि खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्टता प्राप्त करेंगे। मैं KRT 281 की टीम को उनके सराहनीय प्रयासों के लिए बधाई देती हूँ।

# समयबद्ध पदोन्नति नर्सेज की मुख्य मांग – प्रदेशाध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी



**उदयपुर, 29 अप्रैल।** राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन उदयपुर की बैठक जनरल नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर के सभागार में रखी गई। सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पवन कुमार दानाध्यक्ष की। मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी ने की। विशिष्ट अतिथि नर्सिंग अधीक्षक द्रोपदा मेघवाल, ओमप्रकाश पालीवाल, प्रधानाचार्य डॉ रणजीत बैरवा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत आमेटा, सम्भागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया थे। लक्ष्मी नारायण चौहान, रमेश पंजाबी, भीम सिंह, पंकज जैन ने प्रदेशाध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी का माला, उपरणा ओढ़ाकर,पंगडी पहनाकर स्वागत किया।

सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि 11सुत्रीय मांग पत्र पर सरकार से वार्ता कर नर्सेज को लाभ दिलाया जाएं। प्रदेशाध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी ने कहा की आने वाले समय में जयपुर में राज्य स्तरीय बैठक कर सरकार से 11सुत्रीय मांग पत्र मनवाने का प्रयास करेंगे।हम चाहते हैं कि साल में एक बार डीपीसी करवाई जाएं ताकि पदोन्नति का लाभ सभी को मिलें ताकि सभी नर्सेज नर्सिंग अधीक्षक पद से सेवानिवृत्त हो सकें। वेतन विसंगति और नर्सिंग निदेशालय खुलवाने की भी विस्तृत चर्चा की गई। संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष परमार किया। कार्यक्रम में नारायण सिंह राठौड़, विश्वेश्वर त्रिवेदी, सज्जन राठौड़, अरूणा कुमावत, प्रदीप मेहता, गायत्री जडिया, मदन सिंह अरुणा कुमावत, मंजू वैष्णव, चंद्र कांता तलेसरा, हेमंत आमेटा द्वितीय, डॉ विपिन मेहता, प्रमोद भाटी,पूष्पा भाटी, राजेंद्र जोशी, महेंद्र महात्मा, विश्वेश्वर त्रिवेदी, प्रफुल्ल गांधी, दिनेश सिसोदिया, देवीलाल शर्मा, मनोज जीनगर, ओमप्रकाश कुर्डिया, प्रवीण सुथार,निशा कुमावत, राजकुमारी सोनी, सोनी उपाध्याय, सुर्य प्रकाश खराड़ी, सुर्य प्रकाश चौहान, लता धोबी, राजूराम, राजेश चौधरी, लता सालवीसहित सैकड़ों नर्सिंग ऑफिसर उपस्थित थे।


Executive Engineer PHED Rural Division II NCR Alwar

S. No. 215-223 Date :- 16/4/2025

Notice Inviting Bid (E-NIB 23-24/2025-26)

Bids for one civil work is invited from interested bidders from 17.04.2025 to dated 30.04.2025 upto 06:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in and eproc.rajasthan.gov.in of the state. The approximate value of the procurement in Total Rs. 134.67 Lacs.
UBN 1. PHE2526WSOB01181 2. PHE2526WSOB01182
(Ramjeet Meena)
EXECUTIVE ENGINEER
DIPR/C/5430 /25 PHED Rural Division II NCR Alwar



भीम
Email-eephedbansur@rajasthan.gov.in

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, जन स्वा. अभि विभाग, खण्ड बानसूर
न्यायालय के पास, नारायनपुर रोड, मोब. नं. - 014161-294342

क्रमांक: अ.अ./जन स्वा./बानसूर/2024-25/43 दिनांक:- 09.04.2025

ई-निविदा सूचना संख्या-01-05 / 2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की और से जन स्वा. अभि. विभाग मे पजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनो/केन्द्रीय लोक निमार्ण विभाग/डाक एवं दूर सचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के सक्षम श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्यूरमेट प्रकिया के तहत ऑन लाइन निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है।

निविदा फार्म आर्न लाइन वेबसाइट http://www.eproc.rajasthan.gov.in निर्धारित अवधि में प्रात: 9.00 बजे से सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड किये जा सकते है। ऑन लाइन निविदाएं इसी वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर इच्छुक संवेदको द्वारा निम्न विवरणानुसार निर्धारित अवधि में सांय 6.00 बजे तक जमा कराये जा सकते है। वेबसाईट पर तकनिकी बिड निर्धारित तिथि को प्रात: 11.00 बजे खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जावेगी।

निविदा शुल्क/धरोहर राशि निविदादाता ऑनलाईन चालान द्वारा जो कि अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्त अभि. विभाग खण्ड, बानसूर के नाम देय होगी। तथा प्रक्रिया शुल्क मेनेजिंग डायरेक्टर आरएसआईएल जयपुर के नाम देय होगी। इस कार्यालय में निम्न विवरण में अंकित दिनांक 30.04.2025 प्रात: 11:00 बजे तक आनलाईन चालान के माध्यम से जमा करवाना आवश्यक है। इच्छुक संवेदको को अपने digital Signature certificate (DSC) के माध्यम से वेबसाइट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

| | |
|---|---|
| निविदा की कुल लागत लाखो में | 171.97 लाख (05 कार्य) |
| कुल धरोहर राशि लाखो में | 03.44 लाख (05 कार्य) |
| निविदा शुल्क की कुल राशि | 0.05 लाख |
| निविदा डाउनलोड करने की अतिंम तिथि | 15.04.2025 से 29.04.2025 सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा अपलोड करने की अतिंम तिथि | 15.04.2025 से 29.04.2025 सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा तकनीकी बिड खोलने की तिथि व समय | 30.04.2025 को प्रात: 11:00 बजे |
| एसपीपीपी पर अपलोड का क्रमांक / दिनांक | 01/2025-26-PHE2526WSOB01060 Date 15-04-2025<br>02/2025-26-PHE2526WSOB01072 Date 15-04-2025<br>03/2025-26-PHE2526WSOB01063 Date 15-04-2025<br>04/2025-26-PHE2526WSOB01064 Date 15-04-2025<br>05/2025-26-PHE2526WSOB01068 Date 15-04-2025 |

( सिद्धार्थ मीणा )
अधिशाषी अभियन्ता
डीआईपीआर/सी/5459/25 जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड बानसूर



राजस्थान सरकार
कार्यालय अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड राजगढ, अलवर
E-Mail: eerajgarh.alw.pwd@rajasthan.gov.in

क्रमांक: 79 दिनांक: 16.04.2025

निविदा सूचना संख्या 02/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से वर्ष 2025-26 के निम्नलिखित भवन/सड़क निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीय/राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के एए एवं ए श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो एवं उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| मुख्यालय का नाम | कार्यालय अधिशाषी अभियंता सा.नि.वि. खण्ड राजगढ़ (अलवर) (ID : 5622) |
| निविदा में कार्यों की संख्या | 2 (91.21 लाख) |
| कुल धरोहर राशि (रुपये में) | निविदादाता द्वारा दिनांक 31.12.2021 के पश्चात निविदा ऑनलाइन की जाती है तो निविदादाता द्वारा निविदा की अनुमानत लागत का 2 प्रतिशत राशि (सार्वजनिक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों को नियमानुसार छूट राशि प्रदान की जावेगी।) लोक निर्माण कार्य जमा बजट मद 8443-00-108-00-00 के पक्ष में राजस्थान सरकार वित्त (जीएण्डटी) विभाग के आदेश क्रमांक एफ 6(5) वित्त/साविलेनि/2018 जयपुर दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ऑनलाइन ई-ग्रास के द्वारा एकल चालान से संबंधित अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि. कार्यालय के पक्ष में जमा करनी होगी। निविदा शुल्क/आर.आई.एस.एल. फीस/लोक निर्माण कार्य जमा राशि केवल ऑनलाइन ई-ग्रास द्वारा एकल चालान से ही जमा की जायेगी। अलग-2 चालान द्वारा जमा राशि स्वीकार योग्य नहीं है। ई-ग्रास पर भुगतान होने उपरान्त चालान सी.आई.एन. के साथ जनरेट कर ईप्रोक साईट पर अपलोड करना होगा। कार्यालय में निविदा शुल्क राशि, लोक निर्माण कार्य जमा एवं आर.आई.एस.एल. फीस के लिए भौतिक रूप से कोई राशि/डी.डी. स्वीकार नहीं की जायेगी। |
| निविदा आवेदन अपलोड करने की तारीख | दिनांक 17.04.2025 प्रातः 09.30 बजे से<br>दिनांक 30.04.2025 सायं 06.00 बजे तक |
| निविदा जमा करने की तारीख | दिनांक 17.04.2025 प्रातः 09.30 बजे से<br>दिनांक 30.04.2025 सायं 06.00 बजे तक |
| निविदा की कुल लागत | 91.21 लाख |
| निविदा खोलने की तारीख | 01.05.2025 अपराह्न 3.00 बजे |
| प्रोसेसिंग शुल्क निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा कराने की प्रक्रिया (ऑनलाइन ई-ग्रास के माध्यम से) | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प 6(5)/वित्त/सा.नि.वि./2018 दिनांक 27.04.2020 के ई-ग्रास पर ऑनलाइन के माध्यम से चालान द्वारा (परिपत्र संलग्न)<br>1. प्रोसेसिंग शुल्क- 8658-00-102-(16)-02 निर्माण विभाग<br>2. निविदा शुल्क- 0075-00-800-52-01<br>3. धरोहर राशि- 8443-00-108-00-00<br>दिनांक 30.04.2025 सायं 6.00 बजे तक |

UBN No.:- 1. PWD2526WSOB00454, 2. PWD2526WSOB00455

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाइट www.dipronline.org व विभाग की वेबसाइट www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

(महीपाल मीना) अधिशाषी अभियंता,
सा.नि.वि. खण्ड राजगढ (अलवर)
Email id- pwd_raj@rediffmail.com
Mob.: 8209895225
डीआईपीआर/सी/5405/2025 Phone No.: 01464-294809

## आज का दिन

वैशाख शुक्ल पक्ष द्वितीया, विक्रम सं. 2082, शक संवत् 1947, हिजरी 1446, तदनुसार अंग्रेजी दिनांक 29 अप्रैल, सन् 2025 ईस्वी। वार- मंगलवार, सूर्य-उत्तरायण, ऋतु-शिशिर

## सम्पादकीय

# निजी अस्पतालों में मरीजों का 'शोषण'

**चिकित्सा** पेशा या स्वास्थ्य व्यवसाय कोई सामान्य पेशा नहीं है, बल्कि यह व्यक्तिगत जीवन और जनस्वास्थ्य से जुड़ा एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसमें थोड़ी-सी भी लापरवाही किसी के जीवन पर भारी पड़ सकती है। यही वजह है कि जनस्वास्थ्य से जुड़े चिकित्सा पेशा या स्वास्थ्य व्यवसाय को सिर्फ कारोबारी लाभ के नजरिए से नहीं देखा जा सकता है। चर्चा है कि महज आर्थिक लाभ के उद्देश्य से चिकित्सक महंगी जांच और अनावश्यक दवाइयां लिख रहे हैं। जानलेवा ऑपरेशन करने और अंगों के कारोबार तक से बाज नहीं आ रहे हैं।

*लिहाजा, कोर्ट ने इन अस्पतालों पर खुद से प्रतिबंध लगाने से इनकार किया और कहा कि ये संविधान में राज्य सूची का विषय है, इसलिए राज्य सरकारें ही इस पर व्यापक दृष्टिकोण से विचार कर सकती है। वही उचित गाइडलाइंस बना सकती हैं।*

प्रशासनिक भ्रष्टाचार और न्यायिक जटिलताओं से ऐसे बहुत कम मामले हैं जो कोर्ट की दहलीज तक पहुंच पाते हैं। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट द्वारा राज्य सरकारों से यह कहना कि वे प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों और उनके परिजनों के शोषण को रोकने के लिए उचित नीतिगत फैसला लें, देर आयद दुरुस्त आयद जैसा है। जनहित के इस सवाल पर राज्य सरकारों को तुरंत एक्शन में आना चाहिए। दरअसल, एक जनहित याचिका में आरोप लगाया गया था कि प्राइवेट अस्पतालों और उनकी फार्मेसी में एमआरपी से ज्यादा कीमत वसूली जा रही है। लिहाजा, कोर्ट ने इन अस्पतालों पर खुद से प्रतिबंध लगाने से इनकार किया और कहा कि ये संविधान में राज्य सूची का विषय है, इसलिए राज्य सरकारें ही इस पर व्यापक दृष्टिकोण से विचार कर सकती है। वही उचित गाइडलाइंस बना सकती हैं। इसमें संतुलित दृष्टिकोण अपनाना होगा, जिससे न तो मरीजों और उनके परिजनों का शोषण हो और न ही प्राइवेट अस्पतालों के कामकाज पर बेवजह प्रतिबंध लगे। बता दें कि यह जनहित याचिका सिद्धार्थ डालमिया (कानून के छात्र) ने दायर की है। इसमें कहा गया है कि उनकी मां को पिछले साल कैंसर हुआ था और वह अब ठीक हो चुकी है। लेकिन उनके इलाज के दौरान प्राइवेट अस्पतालों में जबरन महंगी दवाएं खरीदनी पड़ीं। लिहाजा, इनकी गुहार है कि मरीजों और परिजनों को यह आजादी मिले कि वे अपनी पसंद की फार्मेसी से दवाएं, मेडिकल इक्विपमेंट आदि खरीद सकें। हालांकि, केंद्र ने कोर्ट में कहा है कि मरीजों पर विशेष फार्मेसी से दवाएं, मेडिकल इक्विपमेंट लेने की बाध्यता नहीं है।

## विदेशी अखबारों से

# ईरानी बंदरगाह पर मिसाइल ईंधन की खेप से जुड़े भीषण विस्फोट में 14 लोगों की मौत

**दक्षिणी** ईरान के एक बंदरगाह पर मिसाइल प्रणोदक बनाने में इस्तेमाल होने वाले रासायनिक घटक की खेप से कथित तौर पर जुड़े भीषण विस्फोट में 14 लोगों की मौत हो गई और करीब 750 अन्य घायल हो गए। प्रारंभिक विस्फोट के कुछ घंटों बाद हेलीकॉप्टर आग पर काबू पाने के लिए पानी की बौछार करते नजर आए। शाहिद राजाई बंदरगाह पर यह विस्फोट ऐसे समय हुआ जब ईरान और अमेरिका ने तेहरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम पर तीसरे दौर की वार्ता के लिए ओमान में शनिवार को मुलाकात की थी। ईरान में किसी ने भी यह नहीं कहा कि यह विस्फोट किसी हमले के परिणामस्वरूप हुआ है। बहरहाल, वार्ता का नेतृत्व कर रहे ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने बुधवार को स्वीकार किया कि 'वैध प्रतिक्रिया के वास्ते उकसाने के लिए विध्वंसक कृत्य और हत्या के प्रयासों की पिछली घटनाओं को देखते हुए हमारी सुरक्षा सेवाएं हाई अलर्ट पर हैं।' ईरान के गृह मंत्री एस्कंदर मोमेनी ने सरकारी मीडिया को हताहतों की संख्या बताई लेकिन बंदर अब्बास के ठीक बाहर आग लगने के कारणों के बारे में अधिक जानकारी नहीं मिल पाई है। इस आग के कारण अन्य कंटेनरों में भी विस्फोट होने की खबर है। इस संबंध में एक सुरक्षा कंपनी ने बताया कि बंदरगाह पर कथित तौर पर मिसाइल ईंधन के लिए रसायन लाया गया था। निजी सुरक्षा कंपनी एम्ब्रे ने कहा कि बंदरगाह पर मार्च में 'सोडियम परक्लोरेट रॉकेट ईंधन' की खेप आई थी। यह ईंधन चीन से दो जहाजों द्वारा ईरान भेजी गई खेप का हिस्सा है, जिसके बारे में जनवरी में 'फाइनेंशियल टाइम्स' ने पहली बार खबर प्रकाशित की थी। इस ईंधन का उपयोग ईरान में मिसाइल भंडार को पुनः स्थापित करने के लिए किया जाना था, जो गाजा पट्टी में हमास के साथ युद्ध के दौरान इजराइल पर सीधे हमलों के कारण समाप्त हो गया था।

## प्रेरक प्रसंग

# अच्छी आदत

**पुराने** समय में दो दोस्त थे। बचपन में दोनों साथ पढ़ते और खेलते थे। पढ़ाई पूरी होने के बाद दोनों दोस्त अपने-अपने जीवन में व्यस्त हो गए। एक दोस्त ने खूब मेहनत की और बहुत पैसा कमा लिया। जबकि दूसरा दोस्त बहुत आलसी था। उसका जीवन ऐसे ही गरीबी में कट रहा था। एक दिन अमीर व्यक्ति अपने बचपन के दोस्त से मिलने गया। अमीर ने देखा की उसके दोस्त की हालत बहुत खराब है। गरीब दोस्त ने बैठने के लिए जो कुर्सी दी, उस पर धूल थी। अमीर व्यक्ति ने कहा तुम घर इतना गंदा क्यों रखते हो? गरीब ने जवाब दिया कि घर साफ करने से कोई लाभ नहीं है, कुछ दिनों में ये फिर से गंदा हो जाता है। अमीर ने उसे बहुत समझाया कि घर को साफ रखना चाहिए, लेकिन वह नहीं माना। जाते समय अमीर व्यक्ति ने गरीब दोस्त को एक बहुत ही सुंदर गुलदस्ता उपहार में दिया। इसके बाद जब भी कोई व्यक्ति उस गरीब के घर आता तो उसे सुंदर गुलदस्ता दिखता, वे कहते गुलदस्ता तो बहुत सुंदर है, लेकिन घर गंदा है। बार-बार यह सुन गरीब ने सोचा कि अलमारी साफ कर देता हूं। अब आने वाले लोगों ने कहा गुलदस्ता बहुत सुंदर, अलमारी भी साफ है, लेकिन घर गंदा है। ये बातें सुन गरीब ने अलमारी के साथ वाली दीवार साफ कर दी।


# पाक को सबक सिखाना एवं आतंकवाद को उखाड़ना होगा

**ललित गर्ग**

*सीमा पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर दबाव बनाने और भारत की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में मोदी सरकार से अभी अधिक सख्त कार्रवाई की अपेक्षा है और आशा की जा रही है कि सरकार जनता की अपेक्षाओं से भी दो कदम आगे इस बार बदला लेगी। इस बार की तांडवी टंकार एवं हुंकार पाकिस्तान की न केवल कमर तोड़ देगी, बल्कि उसके नापाक मनसूंबों को हमेशा के लिये नेस्तनाबूद कर देगी। पाकिस्तान ने अब तक भारत की शांति एवं सहयोग भावना को देखा है लेकिन अब हिंसा के लिये हिंसा की खनकार देखेगा। निर्दोषों की हत्या करन वालों, विश्वासघात का मार्ग अपनाने वालों एवं निहत्थों पर कहर बरपाने वालों को अब पता लगेगा कि धर्म एवं शांतिवादियों की ताकत क्या होती है?*

**जम्मू-कश्मीर** के पहलगाम में हुए बर्बर एवं क्रूर आतंकी हमले से सारा देश गम एवं गुस्से में दिख रहा है, वही मोदी सरकार इस बार आर-पार के मूड में दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी ( सीसीएस ) की बैठक के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ पांच बड़े और कड़े फैसले लेते हुए पाकिस्तान पर शिकंजा कसा है, जिससे वह डरा है, सहमा है, घबराया है। इन पंच शिकंजों में 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, राजनयिक मिशन की संख्या घटाई जाएगी, पाकिस्तानी सैन्य राजनयिकों को एक हफ्ते में भारत छोड़ना होगा, पाकिस्तानियों के लिए सार्क वीज़ा रद्द कर दिया गया है और अटारी बॉर्डर को भी तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। ये कदम जहां आतंकवाद के खिलाफ भारत की कड़ी नीति को दर्शाते हैं वहीं पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाने का एक डिप्लोमैटिक स्ट्राइक है, जबकि भीतर-ही-भीतर किसी बड़ी कार्रवाई से इंकार नहीं किया जा सकता। सीमा पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर दबाव बनाने और भारत की सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में मोदी सरकार से अभी अधिक सख्त कार्रवाई की अपेक्षा है और आशा की जा रही है कि सरकार जनता की अपेक्षाओं से भी दो कदम आगे इस बार बदला लेगी। इस बार की तांडवी टंकार एवं हुंकार पाकिस्तान की न केवल कमर तोड़ देगी, बल्कि उसके नापाक मनसूंबों को हमेशा के लिये नेस्तनाबूद कर देगी। पाकिस्तान ने अब तक भारत की शांति एवं सहयोग भावना को देखा है लेकिन अब हिंसा के लिये हिंसा की खनकार देखेगा। निर्दोषों की हत्या करन वालों, विश्वासघात का मार्ग अपनाने वालों एवं निहत्थों पर कहर बरपाने वालों को अब पता लगेगा कि धर्म एवं शांतिवादियों की ताकत क्या होती है?

पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा के एक संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने निर्दोष पर्यटकों पर किये गये इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी ली है। इस दुखद घटना ने वर्ष 2008 में दुस्साहसपूर्ण ढंग से मुंबई और भारत को हिलाकर रख देने वाले लश्कर-ए-तैयबा द्वारा रचे गए नरसंहार की याद दिला दी है। यह महज संयोग नहीं कि यह हमला 26/11 के आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण और पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के भारत विरोधी बयान के बाद हुआ। यह हमला पाकिस्तान की अब तक की सबसे बड़ी भूल एवं अमानवीयता एवं पाशविकता का घिनौना कृत्य बना है। मुनीर ने कश्मीर को अपने देश की 'गले की नस' बताया लेकिन यही नस अब पाकिस्तान का सर्वनाश करेंगी, उसको कड़वे घुंट पीने को विवश करेगी। दाने-दाने को तरसता पाकिस्तान अब त्राहि-त्राहि करते हुए तबाही के कगार पर पहुंचेगा। एक ओर जहां बलूच विद्रोह ने मुनीर व सेना की नींद उड़ा रखी है, अब भारत उसकी नींद ही नहीं, सुख-चैन भी छीन लेगा। गैर मुस्लिमों को निशाना बनाना और वह भी अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी.वेंस की भारत यात्रा के दौरान- यह स्पष्ट करता है कि आतंकवादियों व उनके आकाओं ने भाजपा के नेतृत्व वाली मोदी सरकार को चुनौती दे दी है, सीधे-सीधे



ललकारा है। मोदी सरकार को सस्ते में लेने की भूल के परिणाम पाकिस्तान पहले भी भुगत चुका है, उरी (2016) और पुलवामा (2019) की तरह पहलगाम हत्याकांड में बहा निर्दोषों का रक्त व्यर्थ नहीं जायेगा। जिस तरह श्रीकृष्ण को आसूरी शक्तियों के खिलाफ महाभारत रचना पड़ा, उसी तरह मोदी पाकिस्तान के आतंकवाद के खिलाफ कोई बड़े युद्ध की संरचना करके हमेशा के लिये आतंकवाद का सर्वनाश करे।

पहलगाम हत्याकांड के बाद न केवल समूचे देश में बल्कि कश्मीर घाटी में पहली बार गहरा आक्रोश देखने को मिला है। घाटी में 35 साल बाद पहली बार आतंकी हमले के खिलाफ बंद का आयोजन किया गया है। बुधवार को बंद के आह्वान के बाद श्रीनगर में अधिकांश व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। लोग सड़कों में दुख और आक्रोश व्यक्त करते नजर आए और कहा कि यह घटना कश्मीर की अतिथि और शांति की भावना के साथ विश्वासघात है। यह घटना कश्मीरियों की रोजी-रोटी पर कुठाराघात है। यह कश्मीर की शांति को लीलने की कुचेष्ठा है। लश्करे-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी संगठन के इस हमले का मकसद पर्यटकों में खौफ पैदा करना और घाटी में सामान्य स्थिति की वापसी को रोकना था। यहां उल्लेखनीय है कि बीते साल जम्मू-कश्मीर में पैंतीस लाख से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। लेकिन पहलगाम जैसी जगह में जहां सत्तर फीसदी लोगों की आजीविका पर्यटन से जुड़ी है, वहां स्थिति सामान्य होने में अब लंबा वक्त लगेगा। आने वाले दिनों के लिये पर्यटकों ने अपनी यात्राएं रद्द कर दी हैं। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में काफी बदलाव आया था। आतंकवाद लगातार सिमट रहा था, शांति का उजाला हो रहा था। वादियां की रौनक बढ़ी और बाजार गुलजार हो उठे थे। श्रीनगर के लालचौक पर मिलजुल कर त्यौहार मनाए जाने लगे थे। बागों में ट्यूलिप के फूल खिल उठे थे। बर्फ की वादियों में मंद-मंद शीतल हवाओं से चिनार के पेड़ झूमने लगे थे। जो देश एवं दुनिया के असंख्य पर्यटकों को खींच रहे थे। उम्मीदें बंध गई थीं कि एक न एक दिन आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर नई सुबह देखेगा लेकिन बढ़ते पर्यटक और मजबूत होती अर्थव्यवस्था पाक को रास नहीं आई। पहलगाम के भयावह हमले ने एक बार फिर सबको खौफजदा कर दिया। जम्मू-कश्मीर में शांति, सौहार्द और विकास पाकिस्तान में बैठे आतंक के आकाओं को नागवार गुजर रहा था। इसलिए पाकिस्तान की सेना, सेना प्रमुख तौकिर मुनीर, उसकी खुफिया एजैंसी आईएसआई और आतंकवादी संगठनों ने मिलकर ऐसी साजिश रच डाली, जिसने उनके धर्म को धुंधलाने एवं शर्मसार करने के साथ पाकिस्तानी इरादों को भी बेनकाब कर दिया।

पाकिस्तान को जवाब देने की तैयारी व्यापक स्तर पर हो रही है, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या भारत ऐसी कोई बड़ी कार्रवाई कर सकेगा, जिससे वह सही रास्ते पर आ जाए? पहलगाम का आतंकी हमला भारत की चेतना और उसकी अस्मिता पर किया गया भीषण हमला है। इस हमले के द्वारा भारत को ललकारा गया है। अब पाकिस्तान को उसी की भाषा में सबक सिखाने के लिए सभी विकल्पों पर विचार होना ही चाहिए। यदि युद्ध अपेक्षित हो तो उसे भी अंजाम देना चाहिए। उसकी परमाणु हमले की धमकियों से आखिर कब तक डरा जायेगा? इसी के साथ इस पर भी मंथन हो कि आखिर पहलगाम में आतंकी इतनी आसानी से इतने लोगों को मारने में सफल कैसे हो गए? सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ एवं सक्रियता जारी थी। ऐसे में भारत सरकार, सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों को और सतर्क रहना चाहिए था। यह मानने के पर्याप्त कारण हैं कि कश्मीर में जब बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे थे, तब वहां जैसी चौकसी बरती जानी चाहिए थी, उसका अभाव क्यों देखने को मिला? जिस तरह से धर्म और नाम पूछकर आतंकवादियों ने हिन्दुओं का नरसंहार किया उससे समूचा राष्ट्र आक्रोश में है।

# पोप जिन्होंने अमेरिका को आईना दिखाया

**जगदीश रत्तनानी**

*पोप फ्रांसिस अपने शुरूआती दिनों में एक चौकीदार और नाइट क्लब बाउंसर के रूप में काम करते थे। वे पोप के माध्यम से प्रतिध्वनित हुए, विशेष रुप से अपने अंतिम दिनों में जब डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी राष्ट्रपति बने और उनके प्रशासन ने अप्रवासियों को निशाना बनाया एवं इसे आव्रजन पुलिस को दी गई व्यापक शक्तियों के साथ शिकार करने और निर्वासित करने का एक मिशन बनाने के बाद उन्होंने स्वयं को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त किया। ईस्टर रविवार, 20 अप्रैल को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात के तुरंत बाद पोप का संदेश स्पष्ट था।*

**रोमन** कैथोलिक चर्च के प्रमुख पोप फ्रांसिस का 88 वर्ष की आयु में ईस्टर सोमवार को निधन हो गया। वे गरीबों के पोप थे जिन्होंने कमजोर और हाशिए पर पड़े लोगों के लिए आवाज़ उठाई, जिन्होंने शांति को बढ़ावा देने के साधन के रूप में अंतर-विश्वास संवाद का समर्थन किया और होली सी के सिद्धांत को स्थायी रूप में उकेरा। पोप फ्रांसिस के समय में कई चीजें पहली बार हुई थीं जिनमें से तीखी और चुभने वाली आलोचना हो सकती है जो उन्होंने अमेरिकी प्रशासन के लिए छोड़ दी थी जिसका पूरा ध्यान अब वैश्विक संबंधों को उखाड़ फेंकने, अप्रवासियों को बदनाम करने और भागीदारों को धमकाने पर केंद्रित है। पोप फ्रांसिस अपने शुरूआती दिनों में एक चौकीदार और नाइट क्लब बाउंसर के रूप में काम करते थे। वे पोप के माध्यम से प्रतिध्वनित हुए, विशेष रुप से अपने अंतिम दिनों में जब डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी राष्ट्रपति बने और उनके प्रशासन ने अप्रवासियों को निशाना बनाया एवं इसे आव्रजन पुलिस को दी गई व्यापक शक्तियों के साथ शिकार करने और निर्वासित करने का एक मिशन बनाने के बाद उन्होंने स्वयं को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त किया। ईस्टर रविवार, 20 अप्रैल को अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से मुलाकात के तुरंत बाद पोप का संदेश स्पष्ट था। सेंट बेसिलिका की बालकनी से पढ़े गए बयान में कहा गया कि कमजोर, हाशिए पर रहने वाले और अप्रवासियों की अवमानना कब तक की जाती रहेगी! यह पोप का आखिरी सार्वजनिक दर्शन था लेकिन यह संदेश अमेरिका को ताना मारता और उस पर दबाव डालता रहेगा।

यह एक संदेश है कि वेंस को व्यक्तिगत रूप से एक कैथोलिक के रूप में (वेंस को छह साल पहले बपतिस्मा दिया गया था) और एक सार्वजनिक नेता के रूप में भी सामने आना होगा, खासकर जब उन्होंने एक जटिल तरीके से अप्रवासियों पर कार्रवाई को सही ठहराने के लिए धार्मिक विचारों और अभिव्यक्तियों को चुनने की कोशिश की है, जैसे आर्डर ऑफ लव (लेटिन शब्द ऑर्डो एमोरिस) यानी प्रेम का क्रम मतलब मनुष्य सबसे पहले ईश्वर,उसके बाद खुद से और उसके बाद अपने पड़ोसियों से प्रेम करे। 30 जनवरी को वेंस ने एक्स पर कहा- जस्ट गूगल ऑर्डो एमोरिस (गूगल पर ऑर्डो एमोरिस सर्च कीजिये)। वेंस इस विचार को समझते हैं कि दान के लिए एक आदेश है जो दूसरों से पहले परिवार और घर को लाता है। इसके आगे यह तर्क दिया जा रहा था कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अप्रवासियों को बाहर फेंक दिया जाना चाहिए। पोप फ्रांसिस पर दायित्व था कि वे इस मामले में तुरंत एक स्पष्टीकरण भेजें। 10 दिन बाद सभी अमेरिकी धर्माध्यक्षों को एक पत्र में उन्होंने लिखा- ईसाई प्रेम हितों का एक केंद्रित विस्तार नहीं है जो अन्य व्यक्तियों और समूहों के लिए थोड़ा-थोड़ा करके विस्तारित होता है ... मानव, व्यक्ति गरिमा के साथ एक विषय है जो सभी के साथ विधायक संबंध के माध्यम से, विशेष रूप से सबसे गरीब के साथ, धीरे-धीरे अपनी पहचान और ईश्वरीय आह्वान में परिपक्व हो सकता है। सच्चा ऑर्डो एमोरिस वह है जिसे हम लगातार ध्यान करके खोजते हैं, जिसे बढ़ावा दिया जाना चाहिए.., उस प्रेम पर जो बिना किसी अपवाद के सभी के लिए भाईचारे का निर्माण करता है।

अस्वस्थ और बीमारियों से जूझ रहे 266वें पोप का मजबूत रुख और स्पष्ट संदेश उनकी भावनाओं की गहराई और उस दर्द का संकेत देते हैं जो अमेरिका ने उन जैसे नेता को दिया जिसने गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों की सेवा करने को अपना मिशन बना लिया था। अमेरिकी धर्माध्यक्षों को लिखे 10 फरवरी के पत्र में कहा गया है: जिन्होंने अत्यधिक गरीबी, असुरक्षा, शोषण, उत्पीड़न या पर्यावरण की गंभीर गिरावट के कारण अपना देश छोड़ दिया, पुरुषों व महिलाओं और पूरे परिवारों की गरिमा को नुकसान पहुंचाता है व उन्हें विशेष भेद्यता और रक्षाहीनता की स्थिति में रखताहै, अधिकांश मामलों में उन लोगों को निर्वासित करने का कार्य कोई मामूली मुद्दा नहीं है। कानून का एक प्रामाणिक शासन तभी सटीक रूप से सत्यापित होता है जब सभी लोग, विशेष रूप से सबसे गरीब और सबसे हाशिए पर रखे गए लोगों से गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाए जिसके वे हकदार हैं।

जब अमेरिका के लोगों सहित कई अन्य,विशेष रूप से व्यवसायों ने इस मामले में चुप्पी साध ली थी तो पोप एक आवाज के रूप में भी सामने आए। उनके शब्द अनुचित, अन्यायपूर्ण और ऑर्डो एमोरिस की सच्ची भावना के खिलाफ उठाए गए असहमति के स्वरों को प्रोत्साहित करते हैं और उनके समर्थन में खड़े होते हैं। आप्रवासियों के समर्थन में लड़ी गई तात्कालिक लड़ाइयों से परे पोप फ्रांसिस को विशेष रूप से उनके 184-पृष्ठ के एन्सिक्लिकल लौदातो सी (प्रेज बी टू यू) के लिए याद किया जाएगा, जो हम सबके घर की देखभाल यानी पृथ्वी के लिए समर्पित है। यह संधारणीयता पर एक ग्रंथ है जो प्रेरणादायक, क्रांतिकारी, समग्र और सिस्टम सोच में आधारित है- देखभाल और प्रेम से भरा दृष्टिकोण बनाम जो व्यवसाय संचालन में निरंतरता का दावा करने के भौतिक मेट्रिक्स से परे है। यह विजेता के रूप में सामाजिक न्याय, वैश्विक असंतुलन और मानव अहंकार के विचारों की चर्चा की सीमाओं का विस्तार करता है जो अंततः धरती माता को नष्ट कर देता है। एन्सिक्लिकल जलवायु को एक जटिल प्रणाली कहता है जो सर्वसामान्य के लिए अच्छी है, जो बहुत मजबूत वैज्ञानिक सहमति को इंगित करता है कि हम वर्तमान में जलवायु प्रणाली के परेशान वार्मिंग को देख रहे हैं और इसका मुकाबला करने के लिए जीवन शैली, उत्पादन और खपत में परिवर्तन के लिए कहते हैं। यह बात अधिकांश पश्चिमी आवाजों से परे जा रही है। यह आगे सामाजिक बहिष्कार, असमान वितरण, सामाजिक आक्रामकता के नए रूपों और पहचान के नुकसान की बात करता है। यह तर्क देता है कि पिछली दो शताब्दियों के विकास के दौर में हमेशा अभिन्न विकास तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ है। 2015 में आए एन्सिक्लिकल में विविधता, समानता और समावेशन था जिसे वार्षिक रिपोर्ट में पेश किया और दिखाया गया लेकिन उसे वास्तव में उसकी सही भावना में कभी नहीं समझा या लागू नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप ठीक वही हुआ जिसकी एन्सिक्लिकल ने चेतावनी दी थी ... इसके बाद परस्पर विरोधी हितों, हिंसा और क्रूरता के नए रूपों व पर्यावरण की देखभाल की वास्तविक संस्कृति के विकास में बाधाओं पर संघर्ष होता है।

## हास्य-व्यंग्य

# पाक में मंत्री होना...

**आलोक पुराणिक**

**पाक** में फिर शहबाज शरीफ प्रधानमंत्री हो गये। पाक में सरकार प्रधानमंत्री और मंत्रियों की होती है और बदलती रहती है, पर हुकूमत सिर्फ सेना की होती है। पाक में प्रधानमंत्री होना मुश्किल काम है और पाक में मंत्री होना बहुत मुश्किल काम है। पाक में मंत्री की आफत यह है कि हाथ में उसके कुछ ना होता, पर इंटरनेशनल गालियां खाने का जिम्मा मंत्री का होता है। पाक का आतंकी-सेना गठजोड़ रात में बम फोड़कर निकल लेता है पर गालियां दिन दहाड़े मंत्री खाता है, जो खुद भी साफ्ट आतंकी ही होता है। शरीफ की आफत दोहरी है, आतंकी-सेना गठजोड़ के सामने उन्हे परम आतंकी दिखना है और इंटरनेशनल लेवल पर उन्हे परम शांतिप्रिय दिखना है। पाक सेना भेड़िया है, पाक आतंकी भेड़िये हैं, इनकी पहचान साफ है। पर लोकतंत्र की खाल ओढ़कर शरीफ को कभी भेड़िया दिखना है कभी मेमना दिखना है, इस चक्कर में शरीफ ऐसे अजीबो गरीब जानवर से हो जाते हैं, जो हास्यास्पद लगते हैं।

शहबाज जब कह रहे होते हैं कि हमें शांति चाहिए। तब ही आईएसआई और सेना के संयुक्त तत्वावधान में भारत में धमाके हो चुके हैं। पाकिस्तान कई मुंह वाला देश है, जिसमें एक मुंह को ना पता होता कि दूसरा मुंह क्या कह गया। पाकिस्तान को दोमुंहा कहना अंडरस्टेटमेंट है, पाकिस्तान के मुंह कितने हैं- यह किसी को ना पता।

पाक का मंत्री कहता है-हमें देश में उद्योगों का विकास करना है। और विकास हो जाता है आतंकियों का। शहबाज कहते हैं कि मुझे सबूत दो तो मैं सब सही कर दूंगा। पाकिस्तान की सरकार को अब तक यह सबूत ना मिल पाया है कि ग्लोबल आतंकी ओसामा बिन लादेन पाकिस्तान में पकड़ा गया और वहीं मार भी गिराया गया था। पर पाकिस्तान को कोई सबूत ना मिला। शहबाज भी रोज सुबह उठकर यह सबूत तलाशेंगे कि आज मैं पीएम हूं या नहीं। पाकिस्तान में जो जो दिखता है वह वह है नहीं। जिसे पीएम समझो वह सेना का स्टेनो निकलता है, सेना जो कहे, वह आर्डर नोट करता है। जिसे सेना समझो, वह आतंकियों की केयरटेकर निकलती है, आतंकियों के अड्डों की देखभाल करती है। जिन्हे आतंकियों का अड्डा समझो उन्हे पाकिस्तान के नेता मदरसे यानी स्कूल बताते हैं। जिन्हें मदरसे समझो वहां बम बंदूक बरामद होती हैं। जिन्हे मदरसों के टीचर समझो वो अरबों खरबों के कारोबारों के मालिक निकलते हैं। जिन्हे आप कारोबारी समझो, वह सांसद निकल जाते हैं और जिन्हे आप सांसद समझो वह आतंकियों के प्रवक्ता निकल जाते हैं।

# विमेंस ट्राई सीरीज- भारत ने श्रीलंका को हराया, 9 विकेट से जीता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका में विमेंस वनडे ट्राई सीरीज का पहला मैच भारत ने जीत लिया। टीम इंडिया ने होम टीम को 9 विकेट से हराया। बारिश के कारण 39-39 ओवर के हुए मैच में श्रीलंका ने 147 रन बनाए। भारत ने 29.4 ओवर में 1 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। भारत से बॉलिंग में स्नेह राणा ने 3 विकेट लिए। दीप्ति शर्मा और एन चरणी को 2-2 विकेट मिले। बैटिंग में प्रतिका रावल ने 50 रन बनाए, वे प्लेयर ऑफ द मैच भी रहीं। स्मृति मंधाना ने 43 और हरलीन देओल ने 48 रन बनाए। श्रीलंका से इकलौता विकेट इनोका रणवीरा ने लिया।

23 रन पर ही गिर गया था श्रीलंका का पहला विकेट श्रीलंका का पहला विकेट 23 रन के स्कोर पर ही गिर गया। कप्तान चमारी अथापथु 18 गेंद का सामना कर 7 बना कर आउट हो गई। दूसरे विकेट के लिए हासिनी परेरा और हर्षिता समरविक्रमा के बीच 38 गेंदों पर 31 रन की पार्टनरशिप हुई। वहीं उसके बाद आठवें विकेट के लिए अनुष्का संजीवनी और अचिनी कुलसुरिया के बीच 56 गेंदों पर 32 रन की साझेदारी हुई। वहीं स्नेह राणा ने 8 ओवर में 31 रन देकर 3 विकेट लिए।

वहीं, दीप्ति शर्मा ने 2 और डेब्यू कर रही नल्लापुरेड्डी चरणानी ने दो विकेट लिए।

# मैच के दौरान केएल राहुल से भिड़े विराट कोहली, बाद में कांतारा सेलिब्रेशन का मजाक भी उड़ाया




**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली को उनके घरेलू मैदान पर छह विकेट से हरा दिया। आरसीबी की जीत में विराट कोहली और क्रुणाल पांड्या ने अहम भूमिका निभाई। कोहली ने जहां 47 गेंद में 51 रन बनाए, वहीं क्रुणाल ने 47 गेंद में नाबाद 73 रन की धमाकेदार पारी खेली। हालांकि, इस मैच से ज्यादा चर्चा कोहली और केएल राहुल के बीच हो रही बहस की हो रही है। आरसीबी की पारी के दौरान दोनों के बीच बहस हुई। हालांकि, मैच के बाद दोनों मस्ती मजाक करते दिखे। कोहली ने राहुल के कांतारा सेलिब्रेशन पर चुटकी ली और फिर दोनों गले लगकर हंस पड़े। दरअसल, मैच में दिल्ली ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 162 रन बनाए थे। जवाब में एक वक्त आरसीबी ने 26 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। पारी के आठवें ओवर में राहुल और कोहली के बीच किसी बात को लेकर बहस हुई। कमेंटेटर आकाश चोपड़ा ने भी इसका जिक्र किया। तब आरसीबी को 115 रन की जरूरत थी। ओवर की दूसरी गेंद के बाद कोहली विकेटकीपिंग कर रहे राहुल के पास गए और दोनों किसी बात को लेकर जोर जोर से बहस करते दिखे। कोहली साफतौर पर किसी बात से नाखुश थे, जबकि ऐसा लगा राहुल उन्हें सफाई देते दिख रहे हैं। हालांकि, फैंस को कोहली की यह हरकत पसंद नहीं आई।

उन्होंने कोहली पर निशाना साधा और बेवजह बहस करने का आरोप लगाया। वहीं, कुछ ने तो उनकी तुलना रोहित शर्मा से कर दी। एक फैन ने लिखा- मैंने आजतक बेवजह रोहित को किसी अपने देश के खिलाड़ी से बहस करते नहीं देखा, लेकिन कोहली...। इसका वीडियो भी सामने आया है।

## व्यापार समाचार

# पैट केयर ब्राण्ड ज़िगली ने वर्ल्ड वेटेरीनेरी दिवस के मौके पर पशु चिकित्सकों एवं सहयोगी स्टाफ को सम्मानित करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया







**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पहले टेक-इनेबल्ड ओमनीचैनल पैट केयर ब्राण्ड ज़िगली (कोस्मो फर्स्ट लिमिटेड) ने 'वर्ल्ड वेटेरीनेरी दिवस' के अवसर पर देश भर के पशु चिकित्सकों एवं सहयोगी स्टाफ को सम्मानित करने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अनूठी राष्ट्रव्यापी पहल का आयोजन कई राज्यों में स्थित ज़िगली के सेंटरों में किया गया, जहां पशुओं की देखभाल करने वाली टीमों को सम्मानित किया गया। ये वे लोग हैं जो नि:स्वार्थ भाव से पशुओं के कल्याण और देखभाल के लिए कड़ी मेहनत करते हैं।

ज़िगली के सेंटरों में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान पशु चिकित्सकों एवं सपोर्ट स्टाफ को फूल देकर तथा केक काटकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। इसके अलावा ज़िगली की लीडरशिप टीमों ने व्यक्तिगत रूप से पैट केयर पार्टनर्स को धन्यवाद दिया तथा पैट्स के परिवारों का भरोसा जीतने, उन्हें उत्कृष्ट देखभाल प्रदान करने में उनकी भूमिका को सराहा।

'ज़िगली में हर पशु चिकित्सक, टेकनिशियन और सपोर्ट मेंबर- पैट्स और उनके परिवारों के प्रति हमारे वादे को पूरा करने में योगदान देता है। हमारी यह टीम पूरी सहानुभुति के साथ उन्हें चिकित्सा एवं देखभाल सेवाएं प्रदान करती है। आज का यह कार्यक्रम इस टीम के हर सदस्य के प्रति आभार व्यक्त करने का हमारा तरीका है, जो हर दिन इस वादे को निभाते हैं।' कोस्मो फर्स्ट के ग्रुप सीईओ श्री पंकज पोद्दार ने कहा।

'कौशल, उत्कृष्टता एवं सहानुभुति को सम्मानित करने के विशेष प्रयास में ज़िगली ने तीन श्रेणियों में हाथ से लिखी शैली में 'सराहना प्रमाणपत्र दिए। पहली श्रेणी के तहत उपभोक्ताओं के वोट्स के आधार पर उन प्रोफेशनल्स को 'द मोस्ट लव्ड वैड अवॉर्ड' दिया गया, जिन्होंने पैट पैरेंट्स के साथ भरोसे का मजबूत रिश्ता बनाया है। इसी तरह सहकर्मियों एवं मैनेजर्स द्वारा किए गए नामांकन के आधार पर दूसरा पुरस्कार 'वैट एक्सीलेन्स अवॉर्ड' उन प्रोफेशनल्स को दिया गया जो चिकित्सकीय उत्कृष्टता एवं सही मायनों में सहानुभुति का प्रदर्शन करते हैं। अंत में उन पशु चिकित्सकों को 'लॉन्ग सर्विस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया, जो ज़िगली के मिशन के अनुरूप तीन साल या इससे अधिक समय से पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। पैट्स की देखभाल के लिए टीम में काम करना ज़रूरी होता है, इसी के मद्देनज़र ज़िगली ने वैट नर्सों, रिसेप्शन स्टाफ एवं असिस्टेन्ट्स के योगदान पर भी रोशनी डाली, जो पैट्स की समग्र देखभाल में बुनियादी भूमिका निभाते हैं। ये वेटेरीनेरी जगत के गुमनाम हीरो हैं, ज़िगली ने पशुओं की देखभाल एवं कल्याण के लिए इनकी प्रतिबद्धता को भी सराहा।

ज़िगली के देश भर में कई एक्सपीरिएंस सेंटर हैं जो दिल्ली, गुरूग्राम, नोएडा, बैंगलोर, सिकंदराबाद, लखनऊ, जयपुर, इंदौर, देहरादून, चण्डीगढ़, पंचकुला और लुधियाना में हैं। यह पैट केयर प्लेटफॉर्म अन्य बड़े शहरों में भी नए स्टोर्स की ओपनिंग के साथ अपनी मौजूदगी का विस्तार कर रहा है।

# कुमार मंगलम बिड़ला को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया

**मुंबई, एजेंसी।** आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष और पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित कुमार मंगलम बिड़ला ने मुंबई में एक समारोह में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से प्रतिष्ठित लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार प्राप्त किया। कुमार मंगलम को भारत की विकास गाथा को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के सम्मान में यह पुरस्कार दिया गया। पिछले पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, गायिका आशा भोसले और अभिनेता अमिताभ बच्चन शामिल हैं। आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष, कुमार मंगलम बिड़ला ने कहा हम सबकी चहेती भारत रत्न लता जी के नाम से जुड़ा यह सम्मान मेरे लिए अत्यंत गर्व की बात है। और जब ये सम्मान मंगेशकर परिवार की ओर से मिले, तो वो और भी खास हो जाता है। आज जब दुनिया मार्गदर्शन की तलाश में है, भारत अपनी जड़ों से जुड़कर भविष्य की ओर आत्मविश्वास से बढ़ रहा है। मैं पूरे विश्वास से कहता हूँ कि यह भारत का समय है — ऐसे समय में भारत के सबसे प्रतिष्ठित व्यापार समूहों में से एक का नेतृत्व करना मेरे लिए गर्व का विषय है। कुछ स्वर ऐसे होते हैं जो पूरे देश के दिल को छू जाते हैं। लता मंगेशकर का स्वर ऐसा ही था—हम सबकी ज़िंदगी का एक अहम हिस्सा।



लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार की स्थापना 2022 में दिवंगत महान गायक की याद में मास्टर दीनानाथ मंगेशकर स्मृति प्रतिष्ठान द्वारा की गई थी, जो मंगेशकर परिवार द्वारा 35 वर्षों से अधिक समय से संचालित एक सार्वजनिक धर्मार्थ ट्रस्ट है।

# नीट स्टूडेंट्स ने मेगा मॉक टेस्ट से किया सेल्फ एनालिसिस, मोशन एजुकेशन ने ली परीक्षा से पहले परीक्षा



**कोटा, एजेंसी।** राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की ओर से 4 मई को आयोजित होने वाली नीट यूजी परीक्षा से पहले मोशन एजुकेशन ने रविवार को मेगा मॉक टेस्ट का आयोजन किया। यह परीक्षा न केवल कोटा, बल्कि देशभर के 80 शहरों में एक साथ करवाई गई, जिसमें हजारों नीट अभ्यर्थियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया।

कोटा में यह मॉक टेस्ट दोपहर 2 से 5 बजे के बीच हुआ। ठीक इसी टाइम-स्लॉट में असली नीट परीक्षा होगी। टेस्ट सेंटर पर पहुंचे मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने स्टूडेंट्स का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने बताया कि इस मॉक टेस्ट का पेपर नीट यूजी 2025 के नए परीक्षा पैटर्न और कठिनाई स्तर को ध्यान में रखते हुए मोशन की टॉप फैकल्टीज ने तैयार किया है। मॉक टेस्ट से स्टूडेंट्स की सवाल हल करने की स्पीड, एक्यूरेसी और टाइम मैनेजमेंट में जबरदस्त सुधार होगा। साथ ही, वे रियल परीक्षा जैसे माहौल में खुद को आंक सकेंगे और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

परीक्षा के बाद मोशन के ज्वाइंट डायरेक्टर और नीट डिवीजन हेड अमित वर्मा ने स्टूडेंट्स को जरूरी सलाह दी। उन्होंने कहा कि अब कम समय बचा है, ऐसे में नए चैप्टर पढ़ने के बजाय तय समय में प्रैक्टिस पेपर हल करें। तीन घंटे में 180 सवाल सॉल्व करने की आदत बनाएं। हर टेस्ट के बाद गलत उत्तरों का गहन विश्लेषण करें और अपनी कमजोरियों पर काम करें, ताकि असली परीक्षा में गलती की गुंजाइश न रहे।

समझें कि गलती कॉन्सेप्चुअल क्लीयरिटी, सिली मिस्टेक या समझने में चूक के कारण हुई है या फिर टाइम मैनेजमेंट में कमी रही। तनाव से दूर रहें और सेहत का खास ख्याल रखें। परीक्षा देकर बाहर निकलीं शुभ्रा सिंह ने कहा कि मॉक टेस्ट से हमें रियल एग्जाम जैसी फील मिली। इससे न केवल हमारी तैयारी का मूल्यांकन हुआ, बल्कि हमें अपनी कमजोरियों को जानने और टाइम मैनेजमेंट सुधारने का मौका भी मिला। वहीं स्टूडेंट राजीव कुमार ने बताया कि मॉक टेस्ट से परीक्षा के दबाव को समझने और उससे निपटने में मदद मिलती है। यह टेस्ट हमारी पढ़ाई की रणनीति को और भी शार्प बनाने में सहायक रहा।

# कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस: वेदांता आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स एवं स्मार्ट टेक के माध्यम से उद्योग जगत में सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस के मौके पर वेदांता लिमिटेड ने आधुनिक टेक्नोलॉजी द्वारा समर्थित पूर्वानुमानित एवं समावेशी सुरक्षा पहलों के माध्यम से सुरक्षा-उन्मुख संस्कृति के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। कंपनी ने अपने संचालन में ओद्योगिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए कई आधुनिक तकनीकों जैसे आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स (एआई)- उन्मुख मॉनिटरिंग सिस्टम, ड्रोन्स, फटीक डिटेक्शन सिस्टम, स्मार्ट हेलमेट और टेली-रिमोट ऑपरेशन्स को तैनात किया है।

कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के विश्व दिवस 2025 की थीम इस बात पर केंद्रित है कि डिजिटलाइजेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का कार्यस्थल की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। जैसे-जैसे एआई, रोबोटिक्स, एक्सोस्केलेटन और रिमोट वर्क जैसी तकनीकों का इस्तेमाल बढ़ रहा है, वे नई संभावनाओं के साथ कुछ चुनौतियाँ भी ला रही हैं। भारत में वेदांता का ज़िंक कारोबार वर्चुअल रिएल्टी (वीआर) आधारित विंडर ट्रेनिंग सिमुलेटर सिस्टम को अपनाने वाला देश का पहला कारोबार है।

यह सिस्टम मटीरियल एवं मैनपावर मुवमेन्ट के लिए इस्तेमाल होने वाले शाफ्ट (लिफ्ट) के काम करने के तरीके की नकल करता है। कंपनी वीआर-आधारित अंडरग्राउंड व्हीकल सिमुलेटर पेश करने वाली भी भारत की पहली कंपनी है, यह सिमुलेटर कर्मचारियों को खानों में वाहन चलाने के लिए प्रशिक्षण देता है। वेदांता के एलुमिनियम कारोबार ने अपने संचालन में मटीरियल एक्स्ट्रैशन से पहले जांच के लिए भी ड्रोन तैनात किए हैं। कंपनी के ऑयल एण्ड गैस वर्टिकल की बात करें तो वेदांता ने प्रमुख लोकेशनों पर एआई कैमरा से युक्त एआई सेफ्टी सर्विलान्स मॉनिटरिंग सिस्टम अपनाया है, जिसके परिणामस्वरूप मानवीय प्रयासों में 80 फीसदी कमी आई है और साथ ही सुरक्षा भी बढ़ी है। वेदांता शार्क टैंक इंडिया के प्रतिभागी जर्श सेफ्टी के साथ मिलकर काम कर रही है, इस स्टार्टअप ने ऐसे स्मार्ट सेफ्टी वियरेबल्स बनाए हैं जो उष्मा के तनाव को कम कर विभिन्न उद्योगों में कनेक्टिविटी में सुधार लाते हैं। वेदांता अपने संचालन में सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां हर व्यक्ति कार्यस्थल पर सुरक्षा के लिए ज़िम्मेदार है। कंपनी ने 'कम्युनिटी ऑफ प्रेक्टिस' और सुरक्षा समितियों का गठन किया है, जो सुरक्षा प्रयासों के कार्यान्वयन का अवलोकन करते हैं। 'विज़िबल-फेल्ट लीडरशिप' के दृष्टिकोण के साथ बिज़नेस सीएक्सओ से उम्मीद की जाती है कि वे अपने कार्यक्षेत्रों में सुरक्षा के सर्वोच्च स्तर को सुनिश्चित करें तथा कर्मचारियों एवं बिज़नेस पार्टनर्स के लिए रोल मॉडल की भूमिका अपनाएं।

टेक्नोलॉजी, मानव-मशीन इंटरैशन को सीमित कर इस तरह के प्रयासों को बढ़ावा देने में मुख्य भुमिका निभाती है तथा निवारक सुरक्षा के उपायों को सुनिश्चित करती है। ऐसे कुछ उदाहरण हैं- वेदांता का प्रॉपराइटरी टी-पल्स प्लेटफॉर्म मुख्य संचालन क्षेत्रों में रियल टाईम में सुरक्षा को बढ़ाने के लिए आर्टीफिशियल इंटेलीजेन्स का उपयोग करता है। एआई डिटेक्ट, एरिया सुपरवाइज़र के साथ सुरक्षा में सुधार के शॉर्ट वीडियो साझा करता है और रियल टाईम डैशबोर्ड क माध्यम से प्रक्रिया पर निगरानी रखता है।

लाईव ऑडियो-विज़ुअल कनेक्टिविटी से युक्त स्मार्ट हेलमेट कर्मचारियों को रियल टाईम में विभिन्न कार्यप्रवाह के लिए मार्गदर्शन देते हैं। फटीक डिटेक्शन सिस्टम, ड्राइवर के थकने पर निगरानी रखता है और उसे नींद आने पर एलर्ट करता है, जिससे वाहन की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। स्मेल्टर्स में कम्प्यूटर विज़न- संचालित लेडल मॉनिटरिंग, संचालन में बाधा होने पर, संचालन को रोक देता है।

सेरेमिक सेंसर्स भट्टी के भीतर तापमान बदलने पर निगरानी रखते हैं और ऑयल एवं गैस कारोबार में रिसाव की संभावना का पूर्वानुमान लगाते हैं।

एचएमवी और एलएमवी सिमुलेटर्स फील्ड पर तैनात किए जाने से पहले ड्राइवरों को डिजिटल तरीकों से सिखाते हैं।

# अदाणी सीमेंट ने रेडकॉन 2025 में एसीटी सर्विसेज, नए प्रीमियम उत्पादों का प्रदर्शन किया

**बैंगलोर, एजेंसी।** अदाणी समूह की अग्रणी सीमेंट और निर्माण सामग्री निर्माण कंपनियां अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी प्रीमियम और अभिनव ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हाल ही में आयोजित रेडकॉन 2025 राष्ट्रीय सेमिनार में कंपनियों की 'अदाणी प्रमाणित प्रौद्योगिकी' (एसीटी) सेवाओं के साथ-साथ प्रीमियम उत्पाद भी कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण थे, जिसमें डिजाइन और निर्माण प्रौद्योगिकी में हालिया विकास को शामिल किया गया। अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी ने निर्माण उद्योग के पेशेवरों के लिए एसीटी, आईएमपी और एमसीएस सेवाओं सहित अपनी तकनीकी सेवाओं की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की। शहर के निमहंस कन्वेंशन सेंटर में आयोजित दो दिवसीय सेमिनार में कंपनियों ने कंक्रीट प्लस और अंबुजा प्लस सहित अपने कुछ अनूठे प्रीमियम उत्पादों का भी प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में 40 अलग-अलग स्टॉल पर दक्षिण कर्नाटक के 1,500 अग्रणी उद्योग पेशेवरों ने भाग लिया। इस तरह के आयोजनों में नियमित भागीदारी के माध्यम से अंबुजा सीमेंट्स और एसीसी राज्य भर में प्रमुख परामर्शदाता इंजीनियरों और उद्योग के खिलाड़ियों के साथ अपने संपर्क को मजबूत बनाने के साथ-साथ क्षेत्र में ब्रांड जागरूकता और दृश्यता को भी अधिकतम करते हैं।

# केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की दूसरी सबसे पुरानी एसेट मैनेजमेंट कंपनी ('एएमसी') (स्रोत: क्रिसिल रिपोर्ट) केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। केनरा बैंक और ओरिक्स कॉर्पोरेशन यूरोप एन.वी. कंपनी के प्रमोटर हैं। इस ऑफर में 10 रुपये अंकित मूल्य के 49,854,357 इक्विटी शेयरों की बिक्री का ऑफर शामिल है, ('बिक्री के लिए ऑफर') जिसमें केनरा बैंक द्वारा 25,924,266 इक्विटी शेयर शामिल हैं; और ओरिक्स कॉर्पोरेशन यूरोप एन.वी. द्वारा 23,930,091 इक्विटी शेयर ('शेयरधारकों को बेचने वाला प्रमोटर') केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की प्राथमिक गतिविधियों में म्यूचुअल फंड का प्रबंधन और भारतीय इक्विटी पर निवेश सलाह प्रदान करना शामिल है। 31 दिसंबर, 2024 तक, यह 12 इक्विटी योजनाओं, 10 ऋण योजनाओं और तीन हाइब्रिड योजनाओं सहित 25 योजनाओं का प्रबंधन करता है, जिसका तिमाही औसत एयूएम 31 दिसंबर,2024 तक 1,083.66 अरब रुपये है। कंपनी के पास एक मल्टी-चैनल बिक्री और वितरण नेटवर्क है जो इसे अपने ग्राहकों को उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने की अनुमति देता है। इस नेटवर्क में तीसरे पक्ष के वितरक, और इसकी शाखाओं और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से की गई बिक्री शामिल है। कंपनी ने 31 मार्च, 2022 से 31 मार्च, 2024 के बीच 34.75% की CAGR से बढ़ते हुए अपने QAAUM में एक मजबूत वृद्धि देखी है, जबकि उद्योग की वृद्धि 18.8% रही।


# कार्यालय पंचायत समिति नगर, डीग ( राज. )

क्रमांकः/पंसन/निर्माण/2025/2830 दिनांक:-25/04.2025

## -: ई-निविदा सूचना 2/2025-26:-

राज्य वित्त आयोग षष्टम मद योजनांतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य के क्रम में निम्नांकित कार्य हेतु उपर्युक्त श्रेणी में सार्व0नि0वि0 राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, डाक एवं दूरसंचार विभाग/रेलवे में पंजीकृत संवेदकों जो कि राज्य सरकार के ए. एए, बी, सी. डी श्रेणी के संवेंदकों के समकक्ष हो से निम्नांकित प्रपत्र में ई-टेंणरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु.लागत (रूपयों में) | धरोहर राशि (रूपयो में) | निविदा शुल्क (रूपयों में) | प्रोसेसिंग फीस (रूपयों में) | निविदा पत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अंतिम | प्रोसेसिग व निविदा शुल्क और अमानत राशि अपेक्षित शपथ पत्र जमा कराने की तिथि एवं समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंचायत समिति की चारदीवारी एवं उंचा उठाना एवं अन्य विकास कार्य समिति नगर | 500000 | 10000 | 500 | 500 | 25.04.2025 से 11.05.2025 सांय 5.00 बजे तक | 12.05.2025 दोपहर 2.00 बजे तक | 12.05.2025 सांय 4.00 बजे |

NIBNo. ZBH2526A047
UBN NO. ZBH2526WSRC00080

प्रधान
पंचायत समिति नगर

विकास अधिकारी
पंचायत समिति नगर

# श्रीविजयनगर में बीडीओ-सीबीईओ विवाद आपसी सहमति से सुलझा

**बैकफुट पर आए अधिकारी, भविष्य में समन्वय से कार्य करने पर बनी सहमति**

श्रीगंगानगर, 29 अप्रैल। श्रीगंगानगर जिले की श्रीविजयनगर पंचायत समिति में बीडीओ और सीबीईओ के बीच उपजा विवाद आखिरकार आपसी बैठक कर सुलझा लिया गया पंचायत समिति कार्यालय में 22 अप्रैल को हुए इस विवाद को लेकर सोमवार को ग्राम पंचायतों के प्रशासक, प्रशासक प्रतिनिधि, प्रधान प्रतिनिधि, ग्राम विकास अधिकारी संगठन के अध्यक्ष, पंचायत समिति कार्मिक और अन्य अधिकारी बैठक के लिए एकत्र हुए। बैठक में तहसीलदार बाबूलाल रैगर, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कृष्णलाल, एसीबीईओ ओमप्रकाश, बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य रेणुका सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने संयुक्त रूप से बीडीओ कक्ष में चर्चा करते हुए भविष्य में किसी भी कार्यक्रम में आपसी समन्वय और सौहार्द के साथ कार्य करने का संकल्प लिया, ताकि ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति न हो।

गौरतलब है कि 22 अप्रैल को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने बीडीओ पर पंचायत समिति हॉल उपयोग नहीं करने देने और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाते हुए उपखंड अधिकारी को लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में उल्लेख किया गया था कि शिक्षा विभाग की ब्लॉक निष्पादन समिति की बैठक के लिए निर्धारित समय पर अधिकारी उपस्थित थे, लेकिन बीडीओ ने समिति हॉल देने से मना कर दिया और दुर्व्यवहार किया। इसके अलावा, बीते वर्ष अगस्त में भी बीडीओ पर कार्यालय गेट का ताला नहीं खुलवाने तथा विभागीय कार्यों में बाधा डालने के आरोप लगाए गए थे। श्रीविजयनगर पंचायत समिति कार्यालय में सोमवार को बैठक हुई, जिसमे आपसी सहमति से मामला सुलझा लिया गया। इस ज्ञापन में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और उपखंड अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। दबाव के बीच ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने नरम रुख अपनाते हुए विवाद समाप्त करने का निर्णय लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भविष्य में किसी भी तरह की गलतफहमी से बचने के लिए सभी कार्यक्रमों में आपसी संवाद और सहयोग बनाए रखा जाएगा, ताकि विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए। बैठक में ग्राम पंचायतों के प्रशासक समुद्र सिंह, जगराज सिंह, सुखजिंदर सिंह, प्रशासक प्रतिनिधि गोपाल मेघवाल, गुरमेल सिंह, गुरनाम सिंह, सुखजिंदर सिंह सिधु, प्रधान प्रतिनिधि गुरमीत सिंह, ग्राम विकास अधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष लिछुराम जाखटिया, वीडीओ रूपेंद्र सिंह, रिपुदमन, जसविंद्र सिंह, यूडीसी वीरेंद्र सिंह राठौड़ सहित अन्य अधिकारी व कार्मिक भी मौजूद रहे।

## मगरा विकास प्लान की विशेष सभा स्थगित

कुम्भलगढ, 29 अप्रैल। कुंभलगढ़ में सोमवार को मगरा विकास प्लान 2025-26 के अनुमोदन के लिए आयोजित पंचायत समिति की विशेष साधारण सभा जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति के क प्रधान कमला दसना की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागृह में यह बैठक दोपहर 12-15 बजे शुरू होनी थी। दोपहर 1-30 बजे तक कोई भी जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचा। विकास अधिकारी मांगीलाल के निर्देश पर सहायक विकास अधिकारी प्रकाश पालीवाल ने सभा स्थगित करने की घोषणा की।

**जैसलमेर में कोल्ड ड्रिंक्स की जांच का विशेष अभियान**

## 5 सैम्पल जांच के लिए जोधपुर भेजे, रिपोर्ट आने के बाद होगी आगे की कार्रवाई

जैसलमेर, 29 अप्रैल। जैसलमेर में भीषण गर्मी में कोल्ड ड्रिंक्स आदि की जांच के लिए फूड सेफ्टी टीम ने विशेष अभियान चलाया है। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत फूड सेफ्टी ऑफिसर (स्नस्ह्र) किशनाराम कड़वासरा के नेतृत्व में टीम ने शहर में विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की। जांच के दौरान टीम ने विभिन्न पैकेज ड्रिंकिंग वाटर, ऋह्र प्लांट से, बर्फ फैक्ट्री से एवं विभिन्न कोल्ड ड्रिंक एवं फ्रूट बेवरेज सहित 5 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। इस दौरान टीम ने निरीक्षण भी किया। सभी सैम्पल को जांच के लिए जोधपुर स्थित लैब भेजा गया है, जहां से रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। किशनाराम कड़वासरा ने बताया आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं ड्रग कंट्रोल राजस्थान के निर्देशानुसार प्रदेश में शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान चलाया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन विशेष अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जैसलमेर की फूड सेफ्टी टीम ने शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर राजेंद्र कुमार पालीवाल ने बताया कि शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के ग्रीष्मकालीन विशेष अभियान के तहत जैसलमेर जिले के विभिन्न पैकेज ड्रिंकिंग वाटर, आरो प्लांट से, बर्फ फैक्ट्री से और विभिन्न कोल्ड ड्रिंक एवं फ्रूट बेवरेज सहित 5 खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गये एवं निरीक्षण किया गया। सभी खाद्य नमूनों को जांच के लिए जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला जोधपुर में भिजवाया गया। रिपोर्ट आने पर नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी। स्नस्ह्र कड़वासरा ने बताया कि यह ग्रीष्मकालीन अभियान 2 मई तक लगातार जारी रहेगा। टीम ने बर्फ फैक्ट्री, ऋह्र प्लांट का निरीक्षण के दौरान पानी कि गुणवता, साफ सफाई एवं कर्मचारियों के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र एवं पेस्ट कंट्रोल जैसे विशेष बिंदुओं की जांच की कमी पाए जाने वाले को इम्प्रूवमेंट नोटिस दिया जाएगा।

## पाली में छत से गिरी मासूम, सिर में लगी चोट

पाली, 29 अप्रैल। पाली के बांगड़ हॉस्पिटल के ट्रॉमा वार्ड में मासूम का इलाज किया गया। फिर उसे जोधपुर रेफर कर दिया गया। पाली में सोमवार की सुबह छत पर खेल रही 3 साल की मासूम पैर फिसलने से नीचे गिर गई। हादसे में मासूम के सिर पर गंभीर चोट आई है।

परिजन उसे लेकर हॉस्पिटल दौड़े, जहां से गंभीर हालत में मासूम को जोधपुर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पाली जिले के नाडोल के निकट किशनपुरा निवासी प्रकाश की 3 साल की बेटी नायरा सोमवार की सुबह करीब 9 बजे अपने घर की छत पर खेल रही थी। इस दौरान पैर फिसल गया और वह नीचे गिर गई। हादसे में मासूम के सिर पर गंभीर चोट आई। परिवार के लोग उसे इलाज के लिए नजदीकी नाडोल हॉस्पिटल ले गए, जहां से जिले के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे।

## पाली में खाना खाने के बाद 7 की तबीयत बिगड़ी

पाली, 29 अप्रैल। पाली में एक किसान परिवार ने साथ बैठकर खाना खाया। कुछ देर बाद ही उन्हें उल्टी-दस्त होने की शिकायत होने लगी। निकट के हॉस्पिटल गए लेकिन कुछ आराम नहीं मिला। रविवार देर शाम को पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। जहां सभी का डॉक्टर्स ने उपचार किया। तब जाकर उन्हें राहत मिली। सभी की हालत खतरे से बाहर है। जानकारी के अनुसार पाली जिले के रोहट क्षेत्र के मांडावास गांव निवासी विरमराम चौकीदार के परिवार के सात सदस्यों ने रविवार दोपहर को साथ में खाना खाया। उसके कुछ देर बाद सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। और उल्टी-दस्त होने लगे। ऐसे में चेंडा हॉस्पिटल गए लेकिन राहत नहीं मिली। ऐसे में देर शाम को परिवार के सभी सात लोगों को पड़ोसी इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां 55 साल के विरमराम चौकीदार, 22 कल ममता पत्नी महेंद्र, 14 साल की सुगना पुत्री विरमराम, 25 साल के जगदीश पुत्र विरमराम, 24 साल की मैना पत्नी दिनेश का उपचार किया गया। बाकी सभी लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद राहत मिल गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि संभवत पानी या भोजन में कुछ कम विषैला जीव गिरने से वे फूड पॉइजनिंग का शिकार हुए।

## सीवरेज लाइन के बाद नहीं बनी सड़क

हनुमानगढ़, 29 अप्रैल। हनुमानगढ़ में सड़क खुदाई के बाद सड़क न डलने से परेशान व्यापारियों ने कलेक्टर से की समाधान की मांग। हनुमानगढ़ जंक्शन में शहीद भगतसिंह चौक से संगरिया मार्ग तक सीवरेज लाइन का काम पूरा हो चुका है। सड़क खोदकर सीवरेज लाइन डालने के बाद सिर्फ मिट्टी भर दी गई है। इससे स्थानीय व्यापारियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। वाहनों की आवाजाही से पूरे दिन धूल उड़ती रहती है। इससे दुकानदारों और राहगीरों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। उबड़-खाबड़ सड़क से वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या को लेकर सोमवार को संगरिया रोड के व्यापारी जिला कलेक्टर कानाराम से मिले।

## आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बाड़मेर, 29 अप्रैल। बालोतरा जिले की पुलिस लगातार सोशल मीडिया पर साइबर पेट्रोलिंग करने के साथ कार्रवाई कर रही है। बायतु पुलिस ने सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की पोस्ट करने वाला एक युवक को गिरफ्तार किया है। एसपी हरिशंकर ने बताया कि कि सोशल मीडिया पर विभिन्न प्लेटफॉर्म पर गहन साइबर पेट्रोलिंग कर सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

किसी प्रकार की फैक, भ्रामक पोसट, गलत टिप्पणी, आपसी सौहार्द व कानून व्यवस्था बिगाड़ने संबंधी एवं गैर कानूनी पोस्ट करने वालों को चिन्हिंत कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। सोशल मीडिया सेल के नोड अधिकारी एएसपी गोपालसिंह भाटी, डीएसपी शिव नारायण चौधरी के सुपरविजन में बायतु थानाधिकारी भंवरलाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। टीम को सूचना मिली थी कि इंस्टाग्राम पर यूजर ने सोशल मीडिया पर समुदाय, धर्म विशेष को टारगेट कर सामाजिक सौहार्द व समुदाय विशेष की भावनाएं आहत करने जैसी पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर होने की सूचना मिली थी। इस पर इंस्टाग्राम आईडी यूजरकर्ता एएसआई चेलाराम ने आरोपी को नामजद कर आरोपी फैमुदीन पुत्र नैमुदीन निवासी एफ 114 जेडीए कॉलोनी पालडी मीना आगरा रोड वार्ड नंबर 34 जामडोली जयपुर को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में हैड कांस्टेबल देदाराम, देवाराम, मांगीलाल, भरत कुमार और वीरमाराम शामिल थे।

## निजी कम्पनी नहीं दे रही रोजगार, ग्रामीणों का धरना जारी

जैसलमेर, 29 अप्रैल। जैसलमेर जिले के भोपा व सांवता गांव के ग्रामीणों का अनिश्चित कालीन धरना सोमवार को भी लगातार जारी है। धरने पर बैठे ग्रामीणों ने बताया कि अगर समय रहते हमारी मांगे नहीं मानी गई तो हम सब धरना स्थल पर आमरण अनशन करेंगे। गौरतलब है कि रोजगार की मांग को लेकर ग्रामीण पिछले 23 दिनों से निजी कम्पनी के गेट पर धरना देकर बैठे हैं। भीषण गर्मी के दिनों में भी ग्रामीण धरना स्थल पर डटे हुए हैं। उनकी एक ही मांग है कि उनका छीना हुआ रोजगार उनको वापस दिया जाए। ग्रामीणों ने बताया कि निजी सोलर कंपनी रिन्यू पावर से लीज एग्रीमेंट 4 साल से पूर्व किया गया था। प्रोजेक्ट लगने के बाद कंपनी के साथ रोजगार की शर्तें रखी गई थी। जो 4 साल तक सही तरीके से चल रही थी। लेकिन अब कंपनी ने प्लांट दूसरी कंपनी को बेच दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि दूसरी कंपनी किसानों के साथ अन्याय कर रही है। सिक्योरिटी के लिए भी बाहरी लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। साथ ही किसानों को किराया भी नहीं दिया जा रहा है। किसानों का कहना है कि जब तक हमारी मांगें नहीं मानी जाएगी तब तक धरना जारी रहेगा और आमरण अनशन किया जाएगा।

**झुंझुनूं में एटीएम लूट की कोशिश**

## कार में मिला सिलेंडर-कटर पुलिस बोली- पकड़ा गया आरोपी आर्मी जवान

झुंझुनूं, 29 अप्रैल। झुंझुनूं के गुढ़ागौड़जी कस्बे में एटीएम लूट के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वारदात के दूसरे दिन आरोपी की कार को शक के आधार पर लोगों ने रुकवाया था। कार में गैस सिलेंडर और कटर मिले तो पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने आरोपी को एटीएम लूट की कोशिश के मामले में गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी राममनोहर ने बताया- पकड़ा गया आरोपी रविन्द्र भारतीय सेना में कार्यरत है। वह दयाल की नांगल (गुढ़ागौड़जी) का रहने वाला है। वह छुट्टी पर घर आया हुआ था। उसने एटीएम लूटने की साजिश रची। इसके लिए दो दिन लगातार इलाके में रेकी की थी। 26 अप्रैल की रात गुढ़ागौड़जी कस्बे में बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम को लूटने की कोशिश की गई।

दूसरे दिन 27 अप्रैल को बैंक ऑफ इंडिया, खींवसर शाखा के प्रबंधक अमित कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। 27 अप्रैल की रात लोगों ने एक संदिग्ध गाड़ी को इलाके में चक्कर लगाते देखा। गाड़ी को रोककर जांच की तो उसमें गैस सिलेंडर, ऑक्सीजन सिलेंडर और गैस कटर मिला। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस पता लगा रही है कि वारदात में रविंद्र अकेला था या उसके साथ अन्य लोग भी थे। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। साथ ही मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी का पहले से कोई आपराधिक रिकॉर्ड तो नहीं है।

## झुंझुनूं में बुजुर्ग से कैश छीनकर भागने वाले 2 पकड़े

झुंझुनूं, 29 अप्रैल। झुंझुनूं कोतवाली पुलिस ने बुजुर्ग व्यक्ति से झपटा मारकर पचास हजार रुपए छीनने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने बताया कि मामले में तीसरे आरोपी की तलाश भी तेज कर दी गई है। थाना अधिकारी हरजिंदर सिंह ने बताया कि विजयसिंह जाट निवासी बाकरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 23 अक्टूबर 2024 को सुबह लगभग 11.45 बजे उसके चाचा भागीरथ खींचड़ दो अलग-अलग बैंकों से 1 लाख रुपए निकालकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाकरा मोड़ पर उन्होंने एक किराणा स्टोर से कुछ सामान खरीदा। वहीं पर पहले से मौजूद तीन युवकों ने बुजुर्ग को घेर लिया और जेब से पचास हजार रुपए झपट लिए। बुजुर्ग उम्रदराज होने के कारण बदमाशों का पीछा नहीं कर सके। तीनों आरोपी पास खड़ी एक गाड़ी में बैठकर पीरुसिंह सर्किल की ओर फरार हो गए। पुलिस को 27 अप्रैल को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि आरोपी जेरठी, दादिया निवासी बलवीर सिंह और गुलाना, नीमकाथाना निवासी वीरू जो इस घटना में शामिल थे, इस समय अफसाना जोहड़ स्थित सांसी कॉलोनी में छिपे हुए हैं। इस पर पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर कॉलोनी में दबिश दी और दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के आधार पर जल्द ही तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। साथ ही, वारदात में प्रयुक्त वाहन व छीना गया नकद धन बरामद करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है और मामले की गहन जांच जारी है।

## चूरू में विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

चूरू, 29 अप्रैल। चूरू में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने पर पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया। चूरू में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। सदर थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया था।

ससुराल पक्ष उसे पहले डीबी अस्पताल लेकर पहुंचा। वहां से उसे बीकानेर रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बिहार के पूरेना निवासी राम समूझ भगत की बेटी सुमन (30) की शादी 2019 में ढाणी लक्ष्मणसिंहपुरा हाल ओम कॉलोनी निवासी किशन जाट से हुई थी। दो बच्चों की मां सुमन की मौत की सूचना मिलने पर पिता रविवार देर शाम चूरू पहुंचे। उन्होंने बेटी की मौत पर संदेह जताते हुए मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम की मांग की।

सदर थाना अधिकारी बलवंत सिंह के अनुसार पीहर पक्ष की रिपोर्ट के बाद शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम कराया गया। सोमवार दोपहर कार्यवाहक एसडीएम साक्षी पूरी ने अस्पताल पहुंचकर पीहर पक्ष से घटना की जानकारी ली। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## बस स्टैंड पर महिला की सोने की चेन चोरी

पाली, 29 अप्रैल। बस का इंतजार कर रही एक महिला यात्री के गले में पहनी सोने की चेन भीड़ का फायदा उठाकर कोई चोरी कर ले गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने 26 अप्रैल को मामला दर्ज कर जांच शुरू की। स्द्धश्व अनिल कुमार ने बताया कि पाली जिले के शिवपुरा थाने के धाकड़ी गांव निवासी मैना देवी (63) पत्नी मुलतानमल ने रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में बताया कि 26 अप्रैल को वह अपने पीहर रूपावास जाने के लिए घर से निकली। सुबह करीब 11 बजे पाली के पुराना बस स्टेंड (बालोतरा जाने वाली बस स्टेंड) पहुंची। दोपहर 12.30 बजे बालोतरा जाने वाली बस में बैठी थी। जब बस रवाना हुई तो गले में पहनी सोने की चेन चैक की तो गायब थी। रिपोर्ट में बताया कि बस में सभी लोगों से पूछा लेकिन सोने की चेन नहीं मिली।

## रीको इंडस्ट्रियल एरिया में शराब ठेके के कर्मचारी से लूट

चिड़ावा, 29 अप्रैल। हरियाणा के झज्जर निवासी हरेंद्र सिंह शराब ठेके से दिन का कलेक्शन लेकर चिड़ावा जा रहे थे। इसी दौरान 5-6 गाड़ियों में सवार 20-25 बदमाश वहां पहुंचे। बदमाशों ने पहले हरेंद्र की गाड़ी को घेर लिया। फिर हथियारों से गाड़ी पर हमला किया।

हरेंद्र ने भागने का प्रयास किया तो बदमाशों ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। हरेंद्र ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। बदमाशों ने गाड़ी में रॉड और सरियों से तोड़फोड़ की। उन्होंने हरेंद्र के गले में रखे 26 हजार 500 रुपए छीन लिए और फरार हो गए। सूचना मिलने पर नया बस स्टैंड चौकी प्रभारी बलबीर चावला टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्षतिग्रस्त गाड़ी को थाने पहुंचाया और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी राकेश, जेपी और अजय हैं। ये लोग हरियाणा के सुरेंद्र सेन द्वारा इलाके में शराब ठेका चलाने से नाराज हैं। वे पहले से ही ठेका नहीं चलाने देने की धमकियां दे रहे थे। पीड़ित सेल्समैन हरेंद्र सिंह ने बताया कि पहले वह स्वामी सेही शराब ठेके पर काम करता था। जहां पर छह अप्रैल 25 को बदमाशों ने उनके साथ मारपीट की। इस संबंध में सूरजगढ़ थाने में मुकदमा भी दर्ज करवाया गया था। मगर आरोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आए। सेल्समैन हरेंद्र सिंह कलेक्शन लेकर शराब ठेके से रवाना हुआ तो बदमाशों ने 5-6 गाड़ियों से उनका पीछा किया। कुछ दूर तक पीछा करने के बाद आरोपियों ने हरेंद्र की गाड़ी को रोकने के लिए पीछे से टक्कर मारी। जिससे घबराए हरेंद्र ने गाड़ी को भगाने का प्रयास किया। मगर बदमाशों ने फिर से पीछा कर गाड़ी को टक्कर मारते हुए उसे रोक लिया। मौका पाकर हरेंद्र सिंह गाड़ी से नीचे कुदा और फरार हो गया। बताया जा रहा है कि बदमाशों के पास चार कैंपर समेत छह गाड़ियां थी। चौकी प्रभारी बलबीर चावला का कहना है कि पुलिस आरोपियों की लगातार तलाश कर रही है। जल्द ही आरोपी गिरफ्त में होंगे।

## बेकाबू कार खाई में गिरी एक युवक की मौत

राजसमंद, 29 अप्रैल। राजसमंद में खमनोर थाना इलाके में नेशनल हाईवे-162 ई पर रविवार शाम को तेज रफ्तार की कार खाई में गिर गई। इस हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के बाद घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से नाथद्वारा के सरकारी हॉस्पिटल पहुंचाया गया। खमनोर थाना इंचार्ज शैतान सिंह के अनुसार खमनोर से नाथद्वारा की तरफ जा रही एक कार बेकाबू होकर खाई में जा गिरी, हादसे में भीलवाड़ा निवासी गौरव सोनी की मौके पर ही मौत हो गई व भीलवाड़ा निवासी अहमद गंभीर घायल हो गया, जिसे उदयपुर रेफर किया व दो अन्य युवक चिराग व शिवम को हल्की चोट आई है। जानकारी के अनुसार 8 युवक 2 कारों में सवार होकर भीलवाड़ा से पिकनिक मनाने के लिए खमनोर के एक पिकनिक स्पॉट पहुंचे थे, जहां दिन भर रुकने के बाद वापस लौट रहे थे। लेकिन सरसुनिया गांव के पास अचानक एक कार बेकाबू होकर रोड से नीचे खाई में जा गिरी। हादसे के बाद राहगीरों व साथी युवकों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को नाथद्वारा के जिला हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने गौरव को मृत घोषित कर दिया व गंभीर घायल अहमद का तुरंत प्राथमिक इलाज कर उदयपुर के लिए रेफर किया।

## नोखा में पानी टैंकर की कीमत दोगुनी

नोखा, 29 अप्रैल। राजस्थान के नोखा कस्बे में पेयजल संकट गहरा गया है। जलदाय विभाग की पानी सप्लाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। इस कारण लोगों को निजी टैंकरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। हाल ही में निजी ट्यूबवेल मालिकों ने पानी टैंकर की कीमतें दोगुनी कर दी हैं। पहले जहां एक टैंकर 250-300 रुपए में मिलता था, वहीं अब इसकी कीमत 500-600 रुपए हो गई है। इस मुद्दे को लेकर सर्व समाज संघर्ष समिति ने प्रदर्शन किया। समिति ने एसडीएम के माध्यम से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। यह मामला नगरपालिका के एक नोटिस से जुड़ा है। कुछ दिन पहले नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी ने एसडीएम के मौखिक आदेश पर निजी ट्यूबवेल मालिकों को नोटिस जारी किए थे। मगर तीन दिन बाद ही प्रशासन ने इन नोटिस को स्थगित कर दिया। इसके बाद ट्यूबवेल मालिकों ने टैंकर की कीमतें बढ़ा दीं। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि अधिकतर निजी ट्यूबवेल सरकारी मानकों को पूरा नहीं करते। न तो ड्राइवरों के पास लाइसेंस है और न ही वाहनों का बीमा या फिटनेस सर्टिफिकेट है। इससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। गर्मी के मौसम में जहां सरकार गरीब परिवारों को मुफ्त पेयजल टैंकर उपलब्ध कराती है, वहीं नोखा में लोगों को महंगे दामों पर पानी खरीदना पड़ रहा है। कंटीजेंसी प्लान में आवंटित बजट का भी पेयजल के लिए कोई उपयोग नहीं हो रहा है।

## सड़क हादसे में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष की मौत

चूरू, 29 अप्रैल। सड़क हादसे में स्कॉर्पियो सवार चिड़ावा बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और उनकी मां की मौत हो गई। सोमवार तड़के करीब 3 बजे दिल्ली-बीकानेर हाईवे (ह॥-11) पर दूध के टैंकर से स्कॉर्पियो की टक्कर हो गई थी। स्ङ्क के परखच्चे उड़ गए थे। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष की बॉडी गाड़ी में बुरी तरह फंस गई थी। उनकी मां घायल थीं। उन्हें फौरन हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया।

हादसा चूरू के राजलदेसर इलाके में हुआ है। राजलदेसर थाने के एएसआई सुरेश कुमार ने बताया- पिलानी के कुलड़िया का बास गांव निवासी उर्मिला देवी (65) को कैंसर था। अमित हर पंद्रह दिन में मां के इलाज के लिए बीकानेर ले जाते थे। सोमवार को भी अपनी मां को डॉक्टर को दिखाने के लिए अमित कुमार (43) स्कॉर्पियों से बीकानेर जा रहे थे। तड़के करीब 3 बजे राजलदेसर इलाके के राजाणा जोहड़ के पास सामने से आ रहे दूध के टैंकर और स्कॉर्पियों की टक्कर हो गई। टैंकर से टक्कर के बाद अमित का शव स्कॉर्पियो में बुरी तरह से फंस गया था। एएसआई सुरेश कुमार ने बताया कि हादसे में स्कॉर्पियो का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अमित की मौके पर ही मौत हो गई। उर्मिला देवी ने हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कड़ी मशक्कत के बाद अमित कुमार का शव स्कॉर्पियो से बाहर निकाला गया। एएसआई ने बताया कि हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क किनारे करवाया। दोनों शवों को राजलदेसर के अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। स्कॉर्पियो का आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। अमित के पिता हवा सिंह का पहले ही निधन हो चुका है। अमित के दो बेटे हैं। अमित और उनकी मां के निधन के कारण चिड़ावा कोर्ट में आज वकील काम (न्यायिक कार्य) नहीं करेंगे।

## कुएं की मोटर में फंसा किसान का हाथ

सिरोही, 29 अप्रैल। किसान मोटर की मरम्मत करते समय हादसे का शिकार हो गया। सिरोही जिले के रोहिड़ा थाना क्षेत्र के भूला गांव में एक किसान मोटर की मरम्मत करते समय हादसे का शिकार हो गया। फोजाराम पुत्र मोरा राम भील अपने खेत में कुएं पर लगी पानी की मोटर के पट्टे को ठीक कर रहा था। अचानक उसका हाथ फिसल गया और मोटर के पट्टे में फंस गया। एंबुलेंस 108 के पायलट भीमाराम गरासिया और मेल नर्स राजेंद्र सिंह ने घायल का प्राथमिक इलाज किया। घायल को पहले रोहिड़ा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर देखते हुए सिरोही ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों ने तुरंत इलाज शुरू किया। डॉक्टरों के अनुसार घायल की स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है।

## भीनमाल के मुख्य बाजार में यातायात व्यवस्था बदहाल

भीनमाल, 29 अप्रैल। मुख्य बाजार में वाहनों के लिए वन-वे व्यवस्था नहीं होने से मुख्य बाजार में इन दिनों रोजाना जाम लग रहा है जिससे पैदल चलने वाले लोगों को भी जाम के चक्कर में इंतजार करना पड़ता है। सावों की सीजन में सोमवार को मुख्य बाजार में कई बार जाम की स्थिति बन गई। थ्री-व्हीलर टेंपो व दुपहिया वाहनों के आवागमन से बाजार में यातायात व्यवस्था बिगड़ जाती है। हालांकि यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस ने चुनिंदा जगहों पर पुलिसकर्मी तैनात कर रखे है। दुकानदारों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों को भी अवगत करवाया मगर कोई स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। शहर के माघ से लेकर पुरानी जुंजाणी बस स्टेंड तक मुख्य बाजार आया हुआ है। बाजार में भीनमाल सहित आसपास के लगभग 40-50 गांवों से ग्रामीण यहां खरीदारी के लिए आते हैं। यातायातकर्मियों द्वारा नहीं रोकने से बाजार में वाहनों की भीड़ हो जाने से दिन में कई बार जाम की स्थिति बन जाती है जिससे पैदल राहगीरों को भी इस बेहाल यातायात व्यवस्था का खामियाजा भुगतना पड रहा है।

**डोडा-पोस्त तस्करी में शामिल 2 वांटेड गिरफ्तार**

## एक माह पहले पुलिस ने घर पर दी थी दबिश, प्लास्टिक कट्टे में मिले थे मादक पदार्थ

बाड़मेर, 29 अप्रैल। बालोतरा जिले की सिणधरी पुलिस ने डोडा-पोस्त तस्करी में शामिल दो वांटेड आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर 2-2 हजार रुपए का इनाम घोषित है। वहीं सिणधरी थाने के टॉप-10 आरोपियों में शामिल है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

बता दें कि करीब एक माह पहले पुलिस ने घर पर दबिश देकर डोडा-पोस्त जब्त कर एक तस्कर को पकड़ा था। किशनाराम के खिलाफ सिणधरी थाने में आर्म्स एक्ट का एक मामला दर्ज है। पुलिस के अनुसार- 23 मार्च 2025 को घर से भारी मात्रा में अवैध डोडा-पोस्त होने की सूचना पर एसआई लूणाराम मय पुलिस टीम ने गांव कागों की ढाणी से डोडा-पोस्त तस्कर गोकलाराम पुत्र जेठाराम के घर पर पहुंची। वहां पर दबिश देकर आरोपी गोकलाराम के कब्जे से एक प्लास्टिक के कट्?टे में भरे कुल 16.614 किलो डोडा-पोस्त जब्त किया था।

मौके से तस्कर गोकलाराम को गिरफ्तार किया था। इस संबंध में सिणधरी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। हैड कॉन्स्टेबल आइदानराम ने बताया- तस्कर से पूछताछ कर तस्करी में शामिल टीकमाराम उर्फ टीकूराम व किशनाराम की तलाश शुरू की गई। लेकिन आरोपी गिरफ्तार की डर से भागने में सफल हो गया। इस पर वांटेड आरोपी टीकूराम उर्फ टीकमाराम व किशनाराम को डिटेन करने के लिए 2-2 हजार रुपए के इनाम भी घोषित किए गए। पुलिस टीम ने सूचना व तकनीकी मदद से इनामी आरोपी टीकूराम उर्फ टीकमाराम पुत्र बालाराम निवासी मंडावला पुलिस थाना सिणधरी, किशनाराम पुत्र आसूराम निवासी कागों की ढाणी सिणधरी को डिटेन किया गया। मामले की जांच कर रहे सिवाना थानाधिकारी को अग्रिम कार्रवाई के लिए सुपुर्द किया गया। कार्रवाई में कॉन्स्टेबल लाभूराम, सुखदेव और हनुमानराम शामिल रहे।



## सोमवार के दिन जरूर करें ये उपाय

# महादेव की बरसेगी कृपा, धन-समृद्धि में होगी बढ़ोतरी

**सोमवार** का दिन भगवान शिव को समर्पित होता है और यह दिन विशेष रूप से उनके पूजन और व्रत के लिए माना जाता है। कहा जाता है कि इस दिन जो भक्त शिव जी की सच्चे मन से उपासना करता है, उसे महादेव का आशीर्वाद जरूर मिलता है। यही नहीं, इस दिन कुछ खास उपायों को अपनाकर हम भगवान शिव की कृपा प्राप्त कर सकते हैं, जो हमारे जीवन में सुख, समृद्धि और धन की प्राप्ति में मदद कर सकते हैं।



### शिवलिंग पर जल और दूध चढ़ाएं

सोमवार की सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और शिवलिंग पर शुद्ध जल और दूध चढ़ाएं। साथ में बेलपत्र अर्पित करें और卐? नम: शिवाय卐 का मंत्र पढ़ें। इससे भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और आपकी मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं। यह उपाय आप हर सोमवार को कर सकते हैं।

### सोमवार का व्रत रखें

सोमवार को व्रत रखना बेहद शुभ माना जाता है। इस दिन सात्विक आहार लें और भगवान शिव का ध्यान करें। इससे आपके सभी कामों में सफलता मिल सकती है और भगवान की कृपा प्राप्त होती है। इसलिए आप चाहे तो इस उपाय को कर सकते हैं।

### जरूरतमंदों को दान दें

सोमवार के दिन किसी जरूरतमंद को दान देने से पुण्य मिलता है। आप सफेद चीजों जैसे दूध, चावल या चीनी का दान कर सकते हैं। यही नहीं, आप किसी निर्धन व्यक्ति को धन का भी दान कर सकते हैं। इससे आपके घर में सुख और समृद्धि आती है।

### महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें

सोमवार को महामृत्युंजय मंत्र का जाप करने से सेहत में सुधार होता है और जीवन लंबा होता है। यही नहीं, इस मंत्र का जाप करने से सारे दुखों और कष्टों में भी मुक्ति मिलती है। ऐसे में इस मंत्र को 108 बार जरूर पढ़ें और फिर देखें कि महादेव आप पर क्या कृपा करते हैं।

### सफेद रंग के कपड़े पहने

सोमवार के दिन सफेद या हल्के रंग के कपड़े पहनें। इससे मन में शांति बनी रहती है और सकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव होता है, जिससे आपके काम अच्छे होते हैं।

# बार-बार सपने में दिख रही हैं ये चीजें, तो समझ लीजिए खुल गई है किस्मत

### घर में आएगी बरकत



सपने हमारे जीवन में कई तरह के संकेत देते हैं और भारतीय संस्कृति में उन्हें बहुत महत्व दिया जाता है। कई बार जब रात को सोकर सुबह उठते हैं तो कुछ सपने हमें याद रह जाते हैं, लेकिन हमें उनका मतलब नहीं पता होता है। ऐसे में कहा जाता है कि कुछ सपने ऐसे होते हैं, जो अच्छे समय के आने का संकेत देते हैं। अगर आपको इनमें से कोई सपना दिखता है तो यह माना जाता है कि आपके जीवन में खुशियों और समृद्धि का आगमन होने वाला है। तो आज की इस खबर में आइए जानते हैं ऐसे चार सपनों के बारे में, जो अच्छे बदलाव का संकेत देते हैं।

### सोने का दिखना

कई बार हमें सपने में गोल्ड यानी कि सोना दिखता है। इस सपने का मतलब धन और समृद्धि के आने का संकेत माना जाता है। सोना शक्ति, स्थिरता और सफलता का प्रतीक होता है। अगर आपको सपने में सोना मिलता है या दिखता है तो यह संकेत हो सकता है कि आपके पास जल्द ही पैसे और संपत्ति आएंगे। हालांकि, आमतौर पर महिलाओं को यह सपना आ ही जाता है।

### पानी का दिखना

पानी जीवन के बदलाव का प्रतीक माना जाता है। अगर आप सपने में पानी देखते हैं तो यह संकेत हो सकता है कि आपकी जिंदगी में कुछ नया और अच्छा होने वाला है। पानी में बहाव, ताजगी और जीवन का विकास होता है, जो अच्छे बदलाव का संकेत देता है। यह सपना आपके जीवन में नए अवसरों और सफलताओं की शुरुआत का संकेत हो सकता है।

### फूलों का दिखना

सपने में फूलों का दिखना खुशी, शांति और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। जब सपने में फूल खिले हुए दिखते हैं, तो यह संकेत हो सकता है कि आपके जीवन में खुशियां आने वाली हैं। फूलों का सपना किसी नये, अच्छे दौर की शुरुआत का संकेत हो सकता है, जो आपके जीवन में सफलता और समृद्धि लाएगा।

### यात्रा या किसी से मिलना

जब आप सपने में यात्रा करते हैं या किसी नए व्यक्ति से मिलते हैं तो यह नया अवसर और बदलाव का संकेत हो सकता है। यह सपना दर्शाता है कि आपके जीवन में कुछ नया और रोमांचक होने वाला है। यात्रा नई दिशा और संभावनाओं को खोलती है और यह संकेत देती है कि जल्द ही आपके जीवन में कुछ महत्वपूर्ण बदलाव आएंगे। ऐसे में यह सपने काफी शुभ होते हैं और जीवन में प्रगति की संभावनाएं भी लेकर आते हैं।

# रविवार के दिन जरूर करें ये उपाय, भगवान सूर्यदेव की बरसेगी कृपा, धन-धान्य में होगी बढ़ोतरी



**हर** दिन कुछ न कुछ खास होता है, लेकिन रविवार का दिन भगवान सूर्यदेव का माना जाता है। सूर्यदेव को रोशनी, ऊर्जा, सेहत और सफलता का देवता माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि रविवार को कुछ खास और अच्छे काम किए जाएं, तो भगवान सूर्यदेव खुश होते हैं और अपनी कृपा बरसाते हैं। इस दिन कुछ खास काम करने से जीवन में धन, सुख और सेहत में बढ़ोतरी होती है।

### सूर्यदेव को जल चढ़ाएं

रविवार की सुबह जल्दी उठकर स्नान करें। फिर एक तांबे के लोटे में साफ जल भरें। उसमें थोड़ा सा लाल चंदन, कुछ अक्षत यानी कि चावल और लाल फूल डालें। इसके बाद पूर्व दिशा की ओर मुंह करके सूर्यदेव को जल चढ़ाएं। जल चढ़ाते समय घृणि सूर्याय नम: मंत्र का जाप करें। ऐसा करने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा आती है और धन-संपत्ति बढ़ती है।

### घर को साफ रखें

रविवार को अपने घर खासकर मुख्य दरवाजे और पूजा स्थल की अच्छे से सफाई करें। सफाई के बाद घर में चंदन, गुलाब या केवड़े की खुशबू वाला धूप या अगरबत्ती जलाएं। इससे घर का वातावरण पवित्र और शांतिपूर्ण बनता है। माना जाता है कि साफ-सुथरे और खुशबूदार घर में मां लक्ष्मी का वास होता है।

### जरूरतमंदों को दान करें

रविवार के दिन गरीबों या जरूरतमंद लोगों को तांबे का बर्तन, लाल कपड़े, गेहूं, गुड़ और मसूर की दाल दान करना बहुत शुभ होता है। दान करने से पुराने कर्मों का बोझ हल्का होता है और जीवन में आ रही आर्थिक समस्याएं दूर होने लगती हैं। साथ ही दान से पुण्य भी मिलता है।

### सूर्य मंत्र का पाठ करें

रविवार को सूर्याष्टक का पाठ करना बहुत लाभकारी माना गया है। इनका पाठ करने से शरीर स्वस्थ रहता है, मन मजबूत बनता है और जीवन में आने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलता है। कार्यक्षेत्र में भी तरक्की के रास्ते खुलते हैं।

### लाल रंग का प्रयोग करें

रविवार को लाल रंग का वस्त्र पहनना बहुत शुभ माना जाता है। आप चाहें तो लाल रंग की कोई वस्तु भी खरीद सकते हैं या किसी जरूरतमंद को लाल रंग का कपड़ा दान कर सकते हैं। लाल रंग सूर्यदेव का प्रतीक है, इसलिए इससे उनका आशीर्वाद बना रहता है। ऐसा करने से आपकी जिंदगी में हमेशा खुशहाली बनी रहती है।

# लक्ष्मीजी की विशेष कृपा पाने के लिए कैसे करें श्रीयंत्र की स्थापना

**जब** भी माता लक्ष्मी की पूजा होती है तो श्री यंत्र की स्थापना जरूर की जाती है। माना जाता है कि ऐसा करने से माता लक्ष्मी काफी प्रसन्न भी होती हैं। श्रीयंत्र एक ऐसा खास और पवित्र यंत्र है, जिसे सही तरीके से स्थापित करने पर यह आपके जीवन में सुख, समृद्धि और धन ला सकता है।

भारतीय घरों मंदिरों में ज्यादातर लोगों के यहां श्रीयंत्र स्थापित देखा जाचा है क्योंकि यह देवी लक्ष्मी का प्रतीक है, जो धन और समृद्धि की देवी मानी जाती हैं। लेकिन, अगर इसे गलत तरीके से स्थापित किया जाए तो इसके विपरीत असर भी हो सकता है।




### सही स्थान का करें चुनाव

श्रीयंत्र को हमेशा सही दिशा में स्थापित करना चाहिए। इसे उत्तर, ईशान (उत्तर-पूर्व) या पश्चिम दिशा में रखा जाता है, क्योंकि इन दिशाओं में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह अधिक होता है। श्रीयंत्र को इन दिशाओं में रखने से इसका प्रभाव बढ़ता है और यह आपके जीवन में खुशहाली लाता है। घर में भी हमेशा सुख-समृद्धि बनी रहती है।

### साफ-सुथरी जगह पर ही रखें श्रीयंत्र

श्रीयंत्र को जिस स्थान पर रखा जाए, वह स्थान साफ और पवित्र होना चाहिए। श्रीयंत्र को गंदे या अव्यवस्थित स्थान पर नहीं रखना चाहिए, क्योंकि इससे यंत्र का प्रभाव कम हो सकता है। यह जरूरी है कि श्रीयंत्र को एक ऐसे स्थान पर रखें, जो शांत और साफ हो।

### संकल्प लेना है जरूरी

श्रीयंत्र की स्थापना से पहले संकल्प लेना चाहिए। संकल्प आपके मन में एक उद्देश्य और इच्छाओं को पूरा करने की भावना पैदा करता है। यह आपके कार्यों को सही दिशा में मार्गदर्शन करता है और आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करता है।

### क्या है पूजा विधि

श्रीयंत्र की स्थापना के बाद नियमित रूप से पूजा करनी चाहिए। पूजा करते समय विशेष मंत्रों का जाप करना चाहिए। ये मंत्र श्रीयंत्र की ऊर्जा को बढ़ाते हैं और इसे प्रभावी बनाते हैं। पूजा से यंत्र की शक्ति सक्रिय होती है और यह आपके जीवन में समृद्धि लाने का कारण बनता है।

### जरूर करें लक्ष्मी पूजा

श्रीयंत्र की स्थापना के समय देवी लक्ष्मी की पूजा करना भी बहुत जरूरी होता है। देवी लक्ष्मी की पूजा से यंत्र में अधिक शक्ति आती है और यह आपके जीवन में धन और समृद्धि का मार्ग खोलती है। श्रीयंत्र की सही विधि से पूजा और स्थापना करने से यह आपके जीवन में समृद्धि और सुख ला सकता है। इसलिए इसे श्रद्धा और ध्यान से स्थापित करें ताकि इसका पूरा प्रभाव प्राप्त हो सके।

# मंदिर में जरूर करें इन चीजों का दान, घर में बढ़ेगी सुख-समृद्धि और होगी धनवर्षा



**जब** कोई सुबह-सुबह मंदिर जाकर पूजा करता है और फिर कोई काम करता है तो उसे काफी शुभ माना जाता है। हिंदू धर्म में मंदिर जाना काफी शुभ माना जाता है। यही नहीं, मंदिर में दान करना हमारे धर्म और संस्कृति में बहुत शुभ माना गया है। ऐसा माना जाता है कि कुछ खास चीजें अगर श्रद्धा से मंदिर में अर्पित की जाएं, तो न केवल पुण्य मिलता है, बल्कि समाज में मान-सम्मान भी बढ़ता है।

### फूल-माला चढ़ाना

मंदिर में फूल और माला चढ़ाना सबसे सामान्य और पवित्र तरीका है अपनी भक्ति व्यक्त करने का। ताजे फूल भगवान को बहुत प्रिय होते हैं और इससे मन भी शुद्ध होता है। दीपक जलाना भी बहुत पुण्य का काम माना गया है। घी या तेल से दीपक जलाकर मंदिर में रोशनी फैलाता है। साथ ही यह भी मान्यता है कि ऐसा करने से आपके जीवन का अंधकार दूर हो जाता है।



### पूजा सामग्रियों का भी कर सकते हैं दान

मंदिर में अगरबत्ती, कपूर, चंदन, जल पात्र और पूजा की बाकी सामग्रियां दान करना भी अच्छा माना गया है। ये चीजें भगवान की पूजा में काम आती हैं और धार्मिक कार्यों में सहायता करती हैं। इसके अलावा, दानपात्र में अपनी श्रद्धा अनुसार कुछ धन डालना भी बहुत पुण्यदायी होता है। इससे मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है और आर्थिक सुख-समृद्धि आती है।

### मंदिर की कर सकते हैं साफ सफाई

बता दें कि केवल धन या सामान का ही नहीं, बल्कि अपने समय और श्रम का भी दान बहुत महत्वपूर्ण होता है। मंदिर की सफाई करना, पूजा में सहयोग करना या किसी धार्मिक आयोजन में अपनी सेवा देना भी एक महान दान है। इससे न केवल आत्मिक संतोष मिलता है

# पंचायती राज मंत्री ने प्रतिबंधित प्लास्टिक की आपूर्ति और भण्डारण पर 15 दिवस का अल्टीमेटम दिया, इसके बाद होगी सख्त कार्रवाइ

जयपुर 29 अप्रेल। पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने प्रतिबंधित प्लास्टिक जैसे प्लास्टिक के चम्मच, कांटे, स्ट्रॉ, गिलास, चाकू, ट्रे, प्लेट, प्लास्टिक कैरी बैग, मिठाई और ज्यूस पैकेजिंग आइटम, फिल्म, निमंत्रण पत्र आदि के प्लास्टिक सप्लायर और स्टॉकिस्ट को 15 दिवस के भीतर अपने स्टॉक हटाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि 15 दिवस के बाद उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दिलावर ने पंचायती राज विभाग के राज्य मंत्री श्री ओटाराम देवासी के साथ सोमवार को शासन सचिवालय में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन पर विभिन्न विभागों, प्लास्टिक उत्पादनकर्ता, स्टॉकिस्ट आदि की बैठक में यह बात कही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्लास्टिक का उपयोग करने से प्रतिवर्ष साढ़े सात लाख लोग मर रहे हैं। उन्होंने प्लास्टिक उपयोग न करने की सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सभी सरकारी विभागों में प्लास्टिक का उपयोग न करने के नवीनतम दिशा-निर्देश जारी करें और जो कोई सरकारी कार्मिक इन दिशा-निर्देशों की अवहेलना करे, उसके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

पंचायती राज मंत्री ने निर्देश दिए कि राज्य को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में कार्य योजना बनाकर कार्य करें, अधिकारी कार्यालयों से बाहर निकले और निरीक्षण कर प्लास्टिक उपयोग न करने के दिशा निर्देशों की पालना न करने वालों पर कार्रवाई करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि पॉलीथीन का उत्पादन करने वालों को इसके दुष्परिणामों की जानकारी देकर उन्हें उत्पादन नहीं करने के लिए समझाएं, साथ ही आमजन को भी इसका उपयोग नहीं करने के लिए प्रोत्साहित करें। उन्होंने प्लास्टिक के दुष्परिणामों की जानकारी आमजन को देने के लिए जन जागरूकता लाने के निर्देश दिए।

पंचायती राज शासन सचिव एवं आयुक्त डॉ. जोगाराम ने कहा कि प्लास्टिक कचरे के निस्तारण के लिए प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई की स्थापना की जा रही है, जहां कचरे से प्लास्टिक अलग किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में संपूर्ण स्वच्छता के लिए प्लास्टिक कचरा प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने स्थानीय निकाय विभाग को प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के नियम/उप नियम बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग न करने और प्लास्टिक के स्थान पर उपलब्ध विभिन्न वैकल्पिक सामग्री के उपयोग को प्रोत्साहित करने और उसका पूर्ण प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिये।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन निदेशक श्रीमती सलोनी खेमका, पंचायती राज, स्वायत शासन व पर्यावरण विभाग, राज्य प्रदूषण बोर्ड के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## कामां सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन कल

कामां 29 अप्रैल। संत रविदास सेवा विकास समिति द्वारा 30 अप्रैल को होने वाले सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए रविवार को विवाह सामग्री का वितरण किया गया। सांसद प्रतिनिधि चंदन सिंह जाटव मुख्य अतिथि रहे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 15 जोड़ों को फ्रिज, कूलर, एलसीडी, गोदरेज की अलमारी, बक्शा, सिंगल बेड, वाशिंग मशीन और प्रत्येक जोड़े को बाइक सहित अन्य घरेलू सामान दिया गया। इस मौके पर लालचंद, हीरालाल, करतारचंद, श्रीचंद, विनोद कुमार, वीरेंद्र गुर्जर, दौलतराम सैनी, महेश वाल्मीकि, महबूब खान और वर-वधु पक्ष के परिजन मौजूद रहे।

# गांव तरसूमा में सरकारी स्कूल की पूरी बिल्डिंग पर दबंगों ने किया अवैध कब्जा

### ग्रामीणों ने की खाली कराने की मांग कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

बयाना 29 अप्रैल। बयाना उपखंड के गांव तरसूमा के राजेश पायलट राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की बिल्डिंग पर गांव के कुछ तथाकथित दबंगों ने अवैध रूप से कब्जा कर अपना ताला ठोक रखा है। गांव तरसूमा के ग्रामीणों व युवा मंडल के सदस्यों ने सोमवार को बयाना में उपखंड अधिकारी दीपक मित्तल व कार्यवाहक सीबीईओ रामलखन खटाना को अलग-अलग ज्ञापन सौंपकर स्कूल भवन को अवैध कब्जे से मुक्त कराये जाने की मांग की है।

उपखंड अधिकारी ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई कर विद्यालय को अतिक्रमण मुक्त कराये जाने का भरोसा दिलाया है। जबकि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और कार्यवाहक सीबीईओ ने इस मामले से अनभिज्ञता जाहिर करते हुए बताया कि उन्हें संबंधित पीईओ की ओर से इस मामले में कोई शिकायत अभी तक नहीं दी गई है। अब वह कमेटी बनाकर इसकी जांच कराएंगे। सीबीईओ की इस कार्यशैली से जहां ग्रामीण अचरज और असमंजस में पड़े हुए हैं वहीं उनमें रोष भी व्याप्त है। उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपने आए ग्रामीणों ने बताया कि इस सरकारी स्कूल भवन पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले नामजद आरोपियों ने पूरे स्कूल भवन पर अतिक्रमण कर उसमें पशु चारा व ईंधन के उपले आदि भर दिए हैं। और अपने पशुओं को भी वही बांधते हैं। जिससे अब वह स्कूल भवन नहीं पशु बाड़े जैसा लगता है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस स्कूल के कमरों में लगे गेटों व खिड़कियों को और फर्श में लगी कोटा स्टोन की टाइलों को भी उखाड़ कर ले गए हैं। आपको यहां यह भी बता दें कि पूर्व में वसुंधरा सरकार के कार्यकाल में राजस्थान में कई सरकारी स्कूलों को दूसरे स्कूलों में मर्ज कर बंद कर दिया गया था।जिनकी बिल्डिंगें देखरेख व सुरक्षा के अभाव और उपयोग में नहीं आने के कारण अब लावारिस स्थिति में पड़ी है।

मुख्यमंत्री के गृह जिले के प्रमुख उपखंड बयाना क्षेत्र में भी ऐसे कई सरकारी स्कूलों की बिल्डिंगों पर कई जगह लोगों ने इसी प्रकार अवैध कब्जे कर अतिक्रमण कर लिए हैं। जिन पर ध्यान देने की अभी तक जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों को फुर्सत नहीं मिल सकी है। जिससे अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं।

# स्थानान्तरण होने पर एसीजेएम का किया सम्मान

डीग 29 अप्रैल अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा हुड्डा के अलवर स्थानांतरण होने पर अभिभाषक संघ द्वारा उन्हें विदाई दी गई। बार सभागार में आयोजित विदाई समारोह में एसीजेएम हुड्डा को बार एसोसिएशन अध्यक्ष बदन सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा शॉल दुपट्टा विश्व विख्यात जल महलों की तस्वीर भेंट कर भाव भीनी विदाई दी गई।



स्मृति चिन्ह देकर एसीजेएम का सम्मान करते अधिवक्ता।

इस अवसर पर बोलते हुए वक्ताओं ने एसीजेएम हुड्डा को एक सुलझी हुई अधिकारी बताया जिन्होंने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में बार और बेंच के संबंधों में बेहतर सामंजस बनाए रखा और एक परिवार के सदस्य के रूप में कार्य किया और हमेशा अधिवक्ताओं के मान सम्मान का ध्यान रखा।

इस अवसर पर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सरोज मीणा, वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश खंडेलवाल, पूर्व अध्यक्ष आनंद प्रकाश पटेल, पूर्व अध्यक्ष हरिकृष्ण शर्मा, देवेंद्र सिंह कुक्कन, लखन कुंतल, पंकज भूषण गोयल, सागर अंशोलिया, उपाध्यक्ष बृज बिहारी सिंह, मनोज बंसल एडवोकेट, सत्यपाल सिंह सोगरवाल, अनिल कुमार गुप्ता आदि अधिवक्ता उपस्थित थे।

## बयाना कोतवाली में हुई सीएलजी समूह की बैठक

बयाना 29 अप्रैल। बयाना पुलिस कोतवाली परिसर में सोमवार शाम को सीएलजी समूह व पुलिस की बैठक अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक हरिराम कुमावत की अध्यक्षता में हुई। जिसमें पुलिस कोतवाली प्रभारी बाबूलाल गुर्जर सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े अन्य लोगों व मीडिया कर्मियों एवं वकीलों आदि ने भी भाग लिया। बैठक में सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारा व कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था आदि को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई और सोशल मीडिया पर डाले जाने वाले पोस्टों को लेकर सरकार की ओर से जारी की गई गाइडलाइन पर भी चर्चा करते हुए लोगों से भ्रामक व गलत और उत्तेजक पोस्टों से बचने की भी सलाह दी गई।

# उचित मूल्य की दुकानों का प्रवर्तन निरीक्षक ने किया निरीक्षण

भुसावर 29 अप्रैल। उपखण्ड भुसावर क्षेत्र में संचालित उचित मूल्य की दुकानों का प्रवर्तन निरीक्षक विजय कुमार मीणा द्वारा निरीक्षण किया गया। जहां राजस्थान सरकार द्वारा चलाये जा रहे गिव अप अभियान को लेकर समीक्षा की गई। प्रवर्तन निरीक्षक विजय कुमार मीणा ने बताया कि खाद्य सुरक्षा से नाम हटवाने के लिए गिव अप अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत भरतपुर जिले में जिला रसद अधिकारी पवन अग्रवाल के नेतृत्व में सैकडों अपात्र परिवारों को नोटिस जारी किए गए हैं जिनसे अब वसूली की जाएगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि अन्तिम पंक्ति में खडे लोगों को सरकारी योजनाओं से जोडकर लाभान्वित किया जाए ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड सके। खाद्य विभाग द्वारा राष्टीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत अपात्र परिवारों को अपना नाम स्वेच्छा से हटाने के लिए गिव अप अभियान प्रारम्भ किया गया है।

## दो बेटीयों की शादी में किया सामान भेंट

डीग 29 अप्रैल। जिले के गांव बदनगढ़ में पूर्व पंचायत समिति सदस्य पूनम शर्मा की पहल पर बिना मां की 2 बेटीयों की शादी में कन्यादान स्वरूप 11 साड़ी, 11 जोड़ी पेंट शर्ट, 1बेड शीट, 2 तौलिया, 11 बर्तन, 1 सिलाई मशीन, 1 मिक्सी, 1 प्रेशर कुकर, 5 गिफ्ट सेट, 2 जोड़ी पायल, 2 जोड़ी बिछुआ, 2 नाक की बाली सोने की, एवं 1500 रु नगद राशि प्रदान करते हुए आर्थिक सहायता राशि भेंट की है।

इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डीग प्रभारी डॉ जीतेन्द्र सिंह ने कहा कि बेटियों की शादी में जो कमी आएगी हम उसे पूरा करेंगे। इस अवसर पर देवेंद्र ठेकेदार, लोकेश पंडित, नारायण सैनी, निर्रोतम, योगेश जयपुर, अनुपमा खंडेलवाल, लाल सिंह बहज मौजूद थे।

# नगर में गायत्री महायज्ञ की कलश यात्रा निकाली

नगर 29 अप्रैल। नगर में गायत्री महायज्ञ की कलश यात्रा होली गेट गायत्री कॉलोनी के पास से तहसीलदार रोहित मीणा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। दीनदयाल मित्तल, महेश सिंघल, विनोद लवानिया, महेंद्र शर्मा, मोहनलाल अवस्थी, कृष्णकांत, भोलू, शिव कवीश्वर, कैप्टन लक्ष्मी नारायण के अलावा भारी संख्या में गायत्री उपासकों की मौजूदगी में आयोजित हुई। एक सौ आठ कुंडीय महायज्ञ प्रतिदिन 7 बजे से 11 बजे तक होगा। 1 मई तक होने वाले आयोजन में शांतिकुंज हरिद्वार के विद्वान गायत्री उपासकों द्वारा प्रवचन आयोजन आयोजित होगा।

## विद्यालय में सुबह 8.10 बजे तक लटका मिला ताला

बयाना 29 अप्रैल। बयाना ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गजनुआ में सोमवार सुबह लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया। सुबह 8=10 बजे तक स्कूल के गेट पर ताला लटका मिला। निरीक्षण के लिए पहुंचे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिंघनिया के प्रिंसिपल और पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार अग्रवाल ने स्थिति देखकर नाराजगी जताई।

# नगला भांड गांव में गंभीर हुआ पेयजल संकट, ग्रामीणों ने स्टेट हाईवे पर एकत्र होकर किया प्रदर्शन

बयाना 29 अप्रैल। उपखण्ड क्षेत्र के गांव नगला भांड में पीने के पानी का संकट विकराल रूप लेता जा रहा है। गांव के बोरवेलों का पानी इतना अधिक खारा हो चुका है कि पशु तक उसे पीने से मुंह मोड़ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पानी में इतनी अधिक अशुद्धता घुल चुकी है कि दूध में मिलाते ही वह फट जाता है। पेयजल संकट से जूझते ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया और सोमवार को उन्होंने लालहंस गुर्जर के नेतृत्व में बयाना-भरतपुर स्टेट हाईवे पर एकत्र होकर जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान रामस्वरूप सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पानी जैसी बुनियादी जरूरत को लेकर अनदेखी का आरोप लगाया। जगन्नाथ, हरगोविंद, तेजसिंह, धनेश, रमेश, रामजीलाल, मोहरपाल, यादराम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण प्रदर्शन में शामिल रहे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को शीघ्र वैकल्पिक जलापूर्ति व्यवस्था मुहैया कराने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों की मांग है कि गांव में शुद्ध पेयजल की स्थायी व्यवस्था की जाए ताकि उन्हें और उनके पशुओं को इस त्रासदी से राहत मिल सके। फिलहाल, गांव की प्यास बुझाने के लिए समाधान का इंतजार जारी है।

## गाजीपुर में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष, दो महिलाओं सहित 7 लोग घायल, 3 जिला अस्पताल रेफर

बयाना 29 अप्रैल। बयाना थाना इलाके के गांव गाजीपुर में आपसी कहासुनी को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। झगड़े के दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले। झगड़े में दो महिलाओं समेत दोनों पक्षों के 7 लोग घायल हो गए। जिन्हें परिजनों ने बयाना उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और घायलों से घटना की जानकारी ली। बाद में पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों पक्षों से समझाइश कर मामला शांत कराया।कोतवाली थाने के सब इंस्पेक्टर बलराम यादव ने बताया कि गांव गाजीपुर में ताराचंद शर्मा और धनीराम शर्मा पक्षों के बीच आपसी कहासुनी को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान दोनों पक्षों की ओर से लाठी डंडों और धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया गया। झगड़े में एक पक्ष के ताराचंद शर्मा के तीन लड़के ललित (28) विनोद (23) और अमित (18) घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष के धनीराम शर्मा के लड़के मनीष (28) व सतीश (25) सहित रामनिरी (38) पत्नी सतीश शर्मा और अनीता (30) पत्नी मुकेश शर्मा घायल हो गए। इनमें से मनीष, ललित और विनोद को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि फिलहाल किसी पक्ष की ओर से रिपोर्ट नहीं दी गई है। रिपोर्ट आने पर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# UPSC टॉपर या जाति टॉपर ?-प्रतिभा गुम, जाति और पृष्ठभूमि का बाज़ार गर्म

देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा अब जातीय गौरव का तमाशा बन चुकी है। जैसे ही रिज़ल्ट आता है, प्रतिभा और मेहनत को धकिया कर जाति, धर्म और 'किसान की झोपड़ी' की स्क्रिप्ट सोशल मीडिया पर दौड़ने लगती है। एसी कमरों में पढ़ने वाले अब खुद को किसान का बेटा घोषित करते हैं, ताकि संघर्ष बिके। टॉपर बनने के बाद सेवा की बजाय सेल्फी और सेमिनार का मोह शुरू हो जाता है। हर दल, हर विचारधारा, हर वर्ग अपने-अपने टॉपर को पकड़कर झंडा उठाता है — देखो, ये हमारा है! किसी को सवर्ण गौरव चाहिए, किसी को दलित चमत्कार। और इस पूरे मेले में असली हीरो — यानी मेहनत और ईमानदारी — कहीं कोने में खड़ी, अकेली, उपेक्षित रह जाती है।

UPSC अब परीक्षा नहीं, जातीय राजनीति, इमोशनल मार्केटिंग और ब्रांडिंग का अखाड़ा बनता जा रहा है। और सवाल वही — ये अफसर समाज सेवा के लिए बन रहे हैं या सोशल मीडिया के लिए?

हर साल जब संघ लोक सेवा आयोग (क्स्ष्ट) के परिणाम आते हैं, तो देश का एक बड़ा वर्ग उत्साहित होता है — कहीं उम्मीदें टूटती हैं, कहीं सपने पूरे होते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से एक नया और खतरनाक ट्रेंड भी देखने को मिल रहा है — सफल अभ्यर्थियों की प्रतिभा और मेहनत पर चर्चा करने के बजाय, उनकी जाति, धर्म और आर्थिक पृष्ठभूमि को माइक्रोस्कोप से जांचा जा रहा है। और फिर उसी के आधार पर उनके संघर्ष की कहानी गढ़ी जाती है, सोशल मीडिया पर महिमामंडन या विवाद खड़ा किया जाता है। एक तरफ़ सफल अभ्यर्थी अपनी मेहनत को सेलिब्रेट करना चाहते हैं, दूसरी तरफ़ समाज उन्हें एक ट्रॉफी बना देता है — या तो जातीय गौरव के नाम पर, या भावनात्मक बाज़ार के नाम पर। क्या हम इतने खोखले हो गए हैं कि अब सफलता भी जाति की चश्मे से देखनी पड़ती है? एक छात्र जिसने वर्षों तक दिन-रात एक कर दिए, जो असफलताओं के बावजूद डटा रहा, जिसने निजी सुखों को छोड़ तपस्या की — उसकी कहानी अब उसकी प्रतिभा नहीं, उसकी जातीय पहचान से मापी जाएगी?

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और न्यूज़ चैनल्स अब सबसे पहले पूछते हैं= यह topper किस जाति से है? उसके बाद आता है सवाल= पिता क्या करते हैं? फिर, अगर कहीं से भी किसान, मजदूर या निम्नवर्गीय पृष्ठभूमि जुड़ जाए, तो सफलता की कहानी में संघर्ष का मसाला डालकर उसे और अधिक बिकाऊ बना दिया जाता है। यह एक विचित्र विडंबना है कि अब बड़े-बड़े शहरों के पॉश इलाकों में एसी कमरों में पढ़ने वाले भी खुद को किसान का बेटा बताने लगे हैं। परिवार में कभी पुरखों ने खेती की हो, या मामूली ज़मीन हो, तो भी उसे किसान परिवार का बेटा घोषित कर दिया जाता है। असलियत यह है कि जिन किसानों की हालत आज भी बैंकों के कर्ज में दबी है, जिनके बच्चे आज भी टूटी हुई पाठशालाओं में पढ़ रहे हैं, वे इस किसान परिवार की ब्रांडिंग का हिस्सा नहीं बन पाते। यह नया संघर्ष बेचो मॉडल दरअसल एक बड़े मध्यमवर्गीय या उच्चवर्गीय तबके का सोशल इमोशनल इंजीनियरिंग है।

जहां एक समय सिविल सेवा का मतलब होता था — समाज की बेहतरी के लिए समर्पित जीवन। अब इसका अर्थ बदलता दिख रहा है। अब टॉपर्स बनने के बाद तुरंत यूट्यूब चैनल खोलना, इंस्टाग्राम पर 'Ask Me Anything' सेशन करना, कोचिंग ब्रांड्स के विज्ञापनों में चमकना, किताबें लिखना और मोटिवेशनल स्पीच देना, ट्रेंड बन गया है। इसमें कोई बुराई नहीं है कि युवा अपनी सफलता का जश्न मनाएं या दूसरों को प्रेरित करें। लेकिन सवाल तब उठता है जब सेवा का भाव पीछे छूट जाए, और सेल्फ ब्रांडिंग ही प्राथमिक एजेंडा बन जाए।

UPSC का स्वरूप अब राजनीतिक लाभ का भी माध्यम बनता दिख रहा है। अलग-अलग राजनीतिक विचारधाराएं, मीडिया हाउस और जातीय संगठन UPSC टॉपर्स को अपना बताने की होड़ में लगे हैं। कहीं दलित गौरव के नाम पर प्रचार हो रहा है, तो कहीं सवर्ण शान के नारे गढ़े जा रहे हैं। कोई ओबीसी चमत्कार कहता है, तो कोई किसान पुत्री की उड़ान। असल में इन सबमें एक साधारण सच्चाई गायब हो जाती है — मेहनत तो मेहनत होती है, न जाति देखती है, न मजहब, न वंश।

UPSC भारतीय लोकतंत्र की एक दुर्लभ उपलब्धि है — जहां किसी जाति, धर्म, वर्ग से परे जाकर व्यक्ति के ज्ञान, समझ, सोच, तर्कशक्ति और निर्णय क्षमता को परखा जाता है। यह परीक्षा बार-बार साबित करती है कि देश के अंतिम छोर से भी प्रतिभाएं निकल सकती हैं। लेकिन जब समाज खुद इस उपलब्धि को जातीय खांचों में तोड़ने लगे, तो यह लोकतंत्र की आत्मा पर एक आघात है। असली संघर्ष वह है जो अनकहा रह जाता है। जो ग्रामीण बैकग्राउंड से आता है, लेकिन खुद को बेचने की कोशिश नहीं करता। जो सोशल मीडिया पर अपने फोटोशूट्स और %कहानी% पोस्ट नहीं करता। जो अपनी सफलता को निजी संतोष समझता है, न कि व्यापारिक ब्रांड। दूसरी ओर, जो संघर्ष को एक उत्पाद बना देता है, वही आज वायरल होता है। वही बड़ी-बड़ी कोचिंग कंपनियों के विज्ञापन में आता है। वही सोशल मीडिया स्टार बनता है।

क्या UPSC टॉपर्स बनने का मकसद अभी भी वही है — समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना, न्याय का वितरण करना, प्रशासन में ईमानदारी लाना? या फिर अब यह एक वैकल्पिक सेलिब्रिटी करियर बन चुका है? यह चिंतन आवश्यक है, वरना एक दिन सिविल सेवा भी पूरी तरह से एक ग्लैमर इंडस्ट्री में तब्दील हो जाएगी — जहां मूल्य नहीं, ब्रांडिंग चलेगी; जहां सेवा नहीं, सेल्फी चलेगी। देश को जरूरत है उन युवाओं की जो सफलता को अपने स्वार्थ से नहीं, अपने कर्तव्य से जोड़ें। जो जाति, धर्म या वर्ग से परे जाकर खुद को सिर्फ एक नागरिक के रूप में प्रस्तुत करें। जो यह समझें कि क्स्ष्ट परीक्षा से भी बड़ी परीक्षा आगे आने वाली है — जब प्रशासनिक पद पर बैठकर, बिना भेदभाव के, बिना प्रचार के, निष्पक्ष सेवा देनी होगी। तभी इस देश का लोकतंत्र मजबूत रहेगा, और तब ही असली प्रतिभा का सम्मान होगा — बिना जाति, धर्म, पृष्ठभूमि के बंधन के।

# पशु चिकित्सक संघ की जिला कार्यकारिणी गठित

डीग 29 अप्रैल। राजस्थान पशु चिकित्सक संघ के डीग जिला अध्यक्ष का चुनाव विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर भारतीय पशु चिकित्सा परिषद के सदस्य डॉ इंद्रजीत सिंह के सानिध्य में संपन्न हुये। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में डॉ महेश प्रजापत जिला अध्यक्ष, डॉ दानवीर फौजदार महासचिव, डॉ हरेंद्र चौधरी उपाध्यक्ष, डॉ गौरव बंसल कोषाध्यक्ष, डॉ बलबीर गुर्जर संयुक्त सचिव एवं डॉ देवेंद्र चौधरी मीडिया प्रभारी निर्वाचित हुए। डॉ भावना यादव को संघ संरक्षक के रूप में चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ नूर मोहम्मद, डॉ अनूप आर्य, डॉ लेखपाल सिंह, डॉ देवेश कुमार एवं डॉ राजकुमार बघेल निर्वाचित किए गए।

नवनिर्वाचित कार्यकारिणी से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने एवं पशु चिकित्सकों के हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा की गई इस मौके पर अन्य डॉक्टर मौजूद रहे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सरोज शर्मा के लिए सांध्य ज्योति दर्पण प्रिंटर्स, डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित व सिटी कोतवाली के पास, भरतपुर से प्रकाशित सम्पादक- जगदीश अग्रवाल फोन नं. 05644-223780, मो. 9414023410,जयपुर कार्यालयः डी.एल.टावर 3-ए- विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र जेएलएन मार्ग, सम्पादक महेन्द्र यादव फोन नं. 2709102-3, अलवर कार्यालय केडलगंज सम्पादक चन्द्रप्रकाश सैनी फोन नं. 2135105, 2701531, नागौर कार्यालय राजकीय चिकित्सालय के सामने नागौर सम्पादक रमेश जैन फोन नं. 240071 डाक पं.स./ बीटीपी/2018-20, आरएनआई नं. 48651/90